SA NEWS

# स्पष्ट आवाज़

लखनऊ

शुक्रवार, 8 मार्च, 2024 वर्ष : 20, अंक: 252 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3

महाशिवरात्रि सतयुगी सवेरा लाने का यादगार पर्व -पेज-6







आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)
सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219
9455555965, 9415133977

# विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है जम्मू-कश्मीर : मोदी

- भारत का मस्तक है जम्मू-कश्मीर, 370 का लाभ कुछ राजनीतिक परिवार ही उठा रहे
- ये नया जम्मू-कश्मीर है, जिसका लंबे समय से इंतजार था
- 'मोदी तेरे जान निसार, बेशुमार-बेशुमार', ऐसे नारों से गूंजा नया कश्मीर

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6,400 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। साथ ही एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में कृषि-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लगभग 5000 करोड़ रुपए का कार्यक्रम राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने 'स्वदेश दर्शन' और 'प्रशाद' (तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान) योजनाओं के तहत 1,400 करोड़ रुपये से अधिक की पर्यटन क्षेत्र से संबंधित राष्ट्रव्यापी परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया। पीएम मोदी की रैली में लोगों ने मोदी तेरे जान निसार, बेशुमार बेशुमार, के नारे लगाए। इस दौरान मोदी ने विपक्ष पर भी जमकर हमला बोलते हुए कहा कि आर्टिकल 370 के नाम पर कुछ राजनीतिक परिवार हमेशा फायदा उठाते रहे और कांग्रेस गुमराह करती रही। प्रधानमंत्री ने कहा कि धरती के स्वर्ग में आने का अहसास अद्वितीय है। इस नए जम्मू-कश्मीर का इंतजार हमें दशकों से था।

प्रधानमंत्री ने आगामी रमजान के पवित्र महीने और महाशिवरात्रि के पर्व के लिए अपनी 'अग्रिम शुभकामनाएं' दीं। महाशिवरात्रि शुक्रवार को है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में एक जनसभा में मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर आज विकास की नयी ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि वह खुलकर सांस ले रहा है। धरती के स्वर्ग पर आने का ये अहसास, ये अनुभूति शब्दों से परे है। प्रकृति का ये अनुपम स्वरूप, ये हवा, ये वादियां, ये वातावरण और उसके साथ आप कश्मीरी भाई-बहनों के इतने प्यार के लिए मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। इस नए जम्मू कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है।



भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा पांच अगस्त 2019 को पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के बाद से प्रधानमंत्री की कश्मीर की यह पहली यात्रा है। कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद मोदी ने कहा कि वह श्रीनगर के लोगों के बीच आकर प्रफुल्लित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 370 से फायदा जम्मू कश्मीर को था या कुछ राजनीतिक परिवार ही इसका लाभ उठा रहे थे। जम्मू कश्मीर की आवाम ये सच्चाई जान चुकी है कि उनको गुमराह किया गया था। कुछ परिवारों के फायदे के लिए जम्मू कश्मीर को जंजीरों में जकड़ दिया गया था। आज 370 नहीं है, इसलिए जम्मू कश्मीर के युवाओं की प्रतिभा का पूरा सम्मान हो रहा है, उन्हें नए अवसर मिल रहे हैं। आज यहां सबके लिए समान अधिकार भी हैं, समान अवसर भी हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर केवल एक क्षेत्र नहीं है। जम्मू कश्मीर भारत का मस्तक है और ऊंचा उठा मस्तक ही विकास और सम्मान का प्रतीक होता है। इसलिए विकसित जम्मू कश्मीर, विकसित भारत की प्राथमिकता है। आपका दिल मैं जीत पाया हूं...और ज्यादा जीतने की मेरी कोशिश जारी रहेगी! आज यहां से स्वदेश दर्शन योजना के तहत 6 परियोजनाएं देश को समर्पित की गई हैं। इसके अलावा स्वदेश दर्शन स्कीम के अगले चरण का भी शुभारंभ हुआ है। इसके तहत भी जम्मू कश्मीर समेत देश के अन्य स्थानों के लिए करीब 30 परियोजनाओं की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि जब इरादे नेक हों, संकल्प को सिद्ध करने का जज्बा हो तो फिर नतीजे भी मिलते हैं।

## संक्षिप्त आवाज़



### शेयर बाजार में तेजी जारी

**मुंबई।** स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, एफएमसीजी, कैपिटल गुड्स और धातु समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में आज तेजी जारी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 33.40 अंक की बढ़त लेकर 74,119.39 सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर रहा। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 19.50 अंक बढ़कर 22,493.55 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर रहा।

### मोहम्मद कासिम गुज्जर आतंकवादी घोषित

**नई दिल्ली।** सरकार ने कई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड मोहम्मद कासिम गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान को आतंकवादी घोषित किया है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने गुरूवार को एक अधिसूचना जारी कर मोहम्मद कासिम को आतंकवादी घोषित किया। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट जारी कर कहा कि लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य मोहम्मद कासिम गुज्जर ने आतंकी हमलों में कई लोगों की जान ली है और वह भारत के खिलाफ युद्ध की योजना बनाने में शामिल रहा है।

### ट्रिपल मर्डर केस में 8 दोषियों को फांसी की सजा

**बरेली।** आठ साल पहले बारादरी थाना क्षेत्र में घर में डकैती के दौरान हुए ट्रिपल मर्डर मामले में छैमार हसीन गैंग के 8 दोषियों को फांसी और एक सुनार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। बता दें, 8 वर्ष पूर्व बारादरी थाना क्षेत्र के सुरेश शर्मा नगर निवासी आयकर विभाग पीलीभीत में तैनात रहे रवि कांत मिश्रा के घर में डकैती के दौरान उनकी मां, भाई-भाभी की छैमार हसीन गैंग के लोगों ने हत्या कर दी थी, मामले में स्पेशल जज फॉस्ट ट्रैक कोर्ट रवि कुमार दिवाकर ने 9 आरोपियों को दोषसिद्ध किया है।

### राजकुमार विश्वकर्मा बने मुख्य सूचना आयुक्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी राजकुमार विश्वकर्मा को प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने मुख्य सूचना आयुक्त बनाया। बता दें राजकुमार विश्वकर्मा 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे। डीएस चौहान के सेवानिवृत होने के बाद अब आरके विश्वकर्मा को प्रदेश का कार्यवाहक डीजीपी चुना गया था। इसके साथ ही मो.नदीम पत्रकार, वीरेंद्र सिंह, सुधीर कुमार, राकेश कुमार, दिलीप अग्निहोत्री, राजेन्द्र कुमार सिंह, पदम द्विवेदी, शकुंतला गौतम, गिरजेश चौधरी और स्वतंत्र प्रकाश को सूचना आयुक्त बनाया गया है। राज्य सरकार ने 3 वर्ष के लिए सूचना आयुक्तों की तैनाती की है।

### भाजपा में शामिल हुए जस्टिस गांगुली

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस अभिजीत गांगुली गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में उन्होंने कहा कि वह राज्य सरकार और तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और अन्य नेताओं की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ली है।

# यूपी देश का हृदयस्थल व दुनिया में सर्वोत्तम : योगी

- यूपी में हो गया है अपराधियों का राम नाम सत्य

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि आज अयोध्या में रामलला भी आ गए हैं और उत्तर प्रदेश के अपराधियों का राम नाम सत्य भी हो गया है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कृषकों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराए जाने के उपलक्ष्य में संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में सभी कार्य श्रीराम का नाम लेकर चल रहा है, इसलिए किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि ये डबल इंजन की सरकार है। ये वही उत्तर प्रदेश है जहां 2017 से पहले न किसान सुरक्षित था, न उसकी फसल, न बिजली थी, न किसान का सम्मान, न



बीज मिलता था और न खाद और पानी। मगर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार आपके हितों की पूरी चिंता करने के लिए हरदम तैयार बैठी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर से आए किसानों और किसान यूनियन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन देश की आबादी के सबसे बड़े राज्य के अन्नदाता किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। जब डबल इंजन की सरकार पीएम के विजन को धरातल पर उतारने के लिए कृषक बिल माफी के इस कार्यक्रम को मूर्त रूप देने जा रही है। इसके लिए प्रदेश के सभी अन्नदाताओं का हृदय से अभिनंदन और बधाई। उन्होंने कहा कि आज यहां प्रदेश के वित्तमंत्री, कृषि मंत्री, ऊर्जा मंत्री, मुख्य सचिव, बिजली विभाग के अधिकारी, किसान यूनियन के नेता सभी मौजूद हैं। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है।

योगी ने कहा कि यूपी देश का हृदयस्थल है, दुनिया की सबसे उर्वरा भूमि और सबसे अच्छा जलसंसाधन हमारे पास है। यही नहीं हमारा अन्नदाता किसान भी परिश्रमी और पुरुषार्थी है। उसी की मेहनत और परिश्रम का परिणाम है कि आज खाद्यान उत्पादन में यूपी देश में नंबर वन है। ये सबकुछ पहले भी था, पहले भी हमारे पास क्षमता थी, मगर पिछली सरकारों में किसानों की उपेक्षा की गई। किसान कभी सरकार के एजेंडे का हिस्सा नहीं रहे। लेकिन, प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आने के बाद जो कार्य प्रारंभ हुए आज उसके परिणाम हमारे सामने हैं। आज उसी को एक नई ऊंचाई प्रदान करने के लिए हम सब यहां उपस्थित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 14 लाख 78 हजार 591 किसानों के पास निजी नलकूप हैं। इसमें से 13 लाख 48 हजार 93 निजी नलकूप 10 हॉर्स पॉवर या उससे नीचे के हैं। 1 लाख 28 हजार 944 नलकूप ऐसे हैं जो 10 से 15 हॉर्स पावर क्षमता वाले हैं। इसी प्रकार 8 हजार 923 ऐसे नलकूप हैं जो 15 हॉर्स पॉवर से ऊपर की क्षमता के हैं। इन सभी को बिल माफी योजना के साथ जोड़ा जा रहा है। हम इसे 1 अप्रैल 2023 से ही लागू किया है।

# चुनाव से पहले लागू होगा सीएए कोई रोक नहीं सकता : शाह

**नई दिल्ली।** देश में सीएए को लेकर जारी राजनीतिक तकरार के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर से कहा है कि सीएए इस देश का कानून है और यह चुनाव से पहले लागू होकर रहेगा। एक टीवी चैनल से बातचीत में शाह ने कहा कि सीएए देश का कानून है, पत्थर पर खींची लकीर है। ये वास्तविकता है कि ये लागू होगा और इस चुनाव से पहले लागू होगा। इसे कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि सीएए कानून कोई नई बात नहीं है। कांग्रेस वोटबैंक के लालच में कई चीजें भूल गई है।


उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 1947 में बांग्लादेश से आये लोगों को नागरिकता देने का वादा किया था। फिर भी, वे लोग शरणार्थी के रूप में रह रहे हैं। शाह ने साफ तौर पर कहा कि ये लोग अपनी पहचान के लिए संघर्ष कर रहे हैं, महिलाएं बिना सुरक्षा के रह रही हैं और उन्हें जबरन धर्म परिवर्तन का सामना करना पड़ रहा है... अगर भारत उन्हें नागरिकता नहीं देगा, तो और कौन देगा? भारत उन लोगों का स्वागत करता है। हम उन्हें उनका हक दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि यूसीसी संविधान सभा का वादा था। उन्होंने कहा कि अगर आज 15 अगस्त, 1947 में किये गए अपने वादे को पूरा नहीं करता तो ये ठीक नहीं होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले 3 साल के अंदर अर्थात मोदी जी के तीसरे टर्म में देश नक्सलवाद से पूर्णतया मुक्त हो जाएगा। भाजपा नेता ने कहा कि आज देश भर में प्रचंड जन समर्थन नरेन्द्र मोदी जी को, भाजपा को, एनडीए को मिल रहा है। मैं देश के कोने-कोने में गया हूं, मैं आपको बता सकता हूं कि देश के कोने-कोने से नरेन्द्र मोदी जी के समर्थन में जनता खड़ी है। इसी के आधार पर हमने 370 के आंकड़े का लक्ष्य रखा है, 400 पार का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि ओछी बातें करके देश की राजनीति के स्तर को गिराने का काम जो लोग कर रहे हैं, हर बार उन्हें जनता उसका जवाब दे रही है।



# 'न्यू इंडिया' में चल रहा है लुका-छिपी का खेल : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा चुनावी बॉण्ड का ब्यौरा देने के लिए उच्चतम न्यायालय से और समय की मांग किए जाने को लेकर बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि 'न्यू इंडिया' (नए भारत) में लुका-छिपी का खेल चल रहा है जिसमें देश ढूंढ़ रहा है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छिपा रहे हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' की बात करने वाले प्रधानमंत्री अब 'ना बताऊंगा, ना दिखाऊंगा' पर अड़े हुए हैं। एसबीआई ने चार मार्च को शीर्ष अदालत से अनुरोध किया था कि चुनावी बॉण्ड का ब्योरा देने के लिए समय 30 जून तक बढ़ाया जाए। शीर्ष अदालत ने पिछले महीने अपने एक फैसले में एसबीआई को इस संबंध में विवरण छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को देने का निर्देश दिया था। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि न्यू इंडिया में 'हाइड एंड सीक' (लुका-छिपी) का खेल : देश ढूंढ़ रहा है, मोदी छिपा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एसबीआई की 'प्रधानमंत्री चंदा छिपाओ योजना' झूठ पर आधारित है।

रमेश के अनुसार,एसबीआई का बहाना यह था कि चुनावी बॉण्ड की बिक्री और नकदीकरण (इनकैशमेंट) से संबंधित उसके डेटा को अज्ञात रखने के लिए अलग कर दिया गया है। एसबीआई के अनुसार, 2019 के बाद से जारी किए गए 22,217 चुनावी बॉण्ड के खरीदारों का लाभार्थी पक्षों से मिलान करने में कई महीने लगेंगे। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि प्रत्येक चुनावी बॉण्ड दो शर्तों के साथ बेचा जाता था- खरीदार की पहचान करने के लिए एसबीआई शाखाओं द्वारा 'नो योर कस्टमर' (केवाईसी) की विस्तृत प्रक्रिया और बॉण्ड पर छिपे सीरियल नंबर। इसलिए एसबीआई के पास निश्चित रूप से देने वाले और प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों, दोनों का डेटा है। वास्तव में वित्त मंत्रालय ने 2017 में कहा भी था कि खरीदार के रिकॉर्ड हमेशा बैंकिंग चैनल में उपलब्ध होते हैं और प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें प्राप्त किया जा सकता है।



## पीसीएस प्री 2024 स्थगित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने 17 मार्च को प्रस्तावित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा-2024 अपरिहार्य करणों से स्थगित कर दी है। यह परीक्षा अब जुलाई में संभावित है, जिसकी तिथि बाद में घोषित की जाएगी। समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पेपर लीक होने के बाद यह आशंका जताई जा रही थी कि पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2024 को टाला जा सकता है। आयोग ने जब परीक्षा से 11 दिन पहले तक अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी नहीं किए, तब इस आशंका को और बल मिल गया। आयोग ने अभ्यर्थियों की आशंका का समाधान करते हुए गुरुवार को पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा स्थगित करने की घोषित कर दी। आयोग के सूत्रों का कहना है कि प्रश्न पत्रों की सुरक्षा को लेकर कुछ अतिरिक्त प्रबंध किए जा रहे हैं।

# केंद्रीय कर्मचारियों का डीए 4 प्रतिशत बढ़ा

- उज्जवला योजना पर 300 रुपए सब्सिडी एक साल बढ़ी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कर्मचारियों को मिलने वाले महंगाई भत्ते (डीए) में सरकार ने बढ़ोतरी कर दी है। आज यानी 7 मार्च को हुई कैबिनेट मीटिंग में सरकार ने 4% डीए बढ़ाने का ऐलान किया है। यह 1 जनवरी 2024 से लागू होगा। डीए बढ़ने के बाद कर्मचारियों का भत्ता 46% से बढ़कर 50% हो गया है। इसका फायदा करीब 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनर्स को होगा। डीए 46% से बढ़कर 50% होने के कारण अब मकान किराया भत्ता भी बढ़ जाएगा। इसे 27, 18 और 9% से बढ़ाकर 30, 20 और 10% किया जाएगा। ग्रेजुएटी सीमा भी 20 लाख से 25 लाख हो गई है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि चार फीसदी डीए बढ़ाने से सरकारी



खजाने पर प्रति वर्ष 12,868.72 करोड़ रुपये का भार पड़ेगा। उधर, केंद्र सरकार ने पीएम उज्ज्वला योजना को भी एक साल के लिए बढ़ा दिया। यानी इस योजना के उपभोक्ताओं को 300 रुपए की सब्सिडी एक साल और मिलती रहेगी। इसका फायदा 10 करोड़ परिवार को मिलेगा। अभी दिल्ली में उज्जवला सिलेंडर 603 रुपए में मिल रहा है। इसके साथ ही कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाया गया है। इसमें 285 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है।

## अमरमणि त्रिपाठी की संपत्ति होंगी कुर्क

**प्रयागराज।** यूपी के पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की संपत्तियां कुर्क होगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बस्ती की स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश पर रोक नहीं लगाई है। बस्ती की स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट ने अमरमणि त्रिपाठी को फरार घोषित किया है। यूपी के डीजीपी और प्रमुख सचिव गृह से उसकी संपत्तियों को जल्द से जल्द कुर्क करने का आदेश दिया है। एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश के खिलाफ अमरमणि त्रिपाठी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। अमरमणि त्रिपाठी की इस याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच में सुनवाई पूरी हो गई। सुनवाई के दौरान अमरमणि त्रिपाठी द्वारा दाखिल किए गए रिकार्ड और यूपी सरकार के हलफनामे में तारीखों पर अंतर पाया गया।

# यूपी में जंगल राज, कानून नाम की चीज नहीं बची : प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में दो बच्चियों के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार की घटना को लेकर राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि राज्य में जंगल राज है, जहां कानून नाम की चीज नहीं बची है।

उन्होंने यह दावा भी किया कि उत्तर प्रदेश में पीड़ित बच्चियां-महिलाएं अगर न्याय मांगती हैं तो उनके परिवारों को बर्बाद कर देना नियम बन चुका है। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि कानपुर में सामूहिक बलात्कार की पीड़ित दो नाबालिग बच्चियों ने आत्महत्या कर ली। अब उन बच्चियों के पिता ने भी आत्महत्या कर ली है। आरोप है कि पीड़ित परिवार पर समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पीड़ित बच्चियां-महिलाएं अगर न्याय मांगती हैं तो उनके परिवारों को बर्बाद कर देना नियम बन चुका है। उन्नाव, हाथरस से लेकर कानपुर तक- जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार हुआ, उनके परिवार बर्बाद कर दिए गए। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि इस जंगलराज में महिला होना मात्र अपराध हो गया है, जहां कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है। प्रियंका गांधी ने सवाल किया कि आखिर प्रदेश की करोड़ों महिलाएं क्या करें, कहां जाएं?



# विपक्ष को जाने दो जेल और बेल यात्रा पर : नड्डा

**आगरा।** आगरा में भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित वर्ग के राष्ट्रीय अधिवेशन में गुरुवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि विपक्ष को जेल और बेल यात्रा पर जाने दीजिए। आप कमल खिलाएं और भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाएं। आगरा के कोठी मीना बाजार मैदान में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन के सहारे भाजपा ने अनुसूचित वर्ग को साधने की कोशिश की और अनुसूचित वर्ग के लिए किए जा रहे कार्यों को गिनाया। जेपी नड्डा ने कांग्रेस को भी आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को कभी सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस ने 1952 के चुनाव में उन्हें हराने का काम किया। यहां तक कि संविधान सभा में भी उन्हें जाने से रोका था। इसके बाद बाबा साहब को बंगाल से चुनाव लड़के संविधान सभा में जाना पड़ा। कांग्रेस ने वंचित दलित शोषित समाज के लोगों को वोट के उपकरण के रूप में ही देखा। उनके कल्याण की योजनाएं नहीं बनाई। कांग्रेस को डर था कि अगर दलित शोषित और वंचित वर्ग मजबूत हो जाएगा तो उसके हाथ से सत्ता चली जाएगी। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा दलित महापुरुषों को उचित सम्मान नहीं दिया, जबकि जनसंघ ने 1952 से ही एकात्मक मानववाद का सिद्धांत दिया। जब अंत का उदय होगा, तभी भारतीय समाज का विकास होगा। ये हम हमेशा से कहते आए, इसी को मोदी जी ने आगे बढ़ाकर कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास...तभी समाज का विकास हो रहा है। कांग्रेस के सभी नारे समाज को खंडित करने



वाले रहे हैं। जबकि बीजेपी के नारे सबको साथ लेकर चलने वाले रहे हैं। सबके विकास के हैं। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष जेपी नड्?डा ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति के हमारे भाइयों-बहनों के लिए काम किए गए। ताकि वह मुख्य धारा में शामिल हो सके। लंबे समय में मैंने देखा कि कांग्रेस ने लंबे समय तक शासन चलाया। तब उन्होंने दलित भाइयों को कभी भी मानता की दृष्टि से नहीं देखा। हमेशा उन्होंने वोट बैंक की राजनीति के तौर पर देखा। हमने उस वक्त भी कहा, जब हम सत्ता में नहीं थे कि जब तक आपको बराबरी की जगह नहीं देंगे, देश आगे नहीं बढ़ सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में पीएम मोदी ने छात्रवृत्ति बढ़ाने का काम किया। छात्रों के रहने के लिए 173 करोड़ रुपए खर्च करके हॉस्टल बनाए गए। प्री-कोचिंग का हर साल 20 हजार छात्र फायदा उठा रहे हैं। मुद्रा योजना का लाभ उठाने में हमारे एससी के 18 प्रतिशत भाई हैं। ये खुशी की बात है। आज 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ गए हैं। उज्जवला योजना में 33 प्रतिशत गैस कनेक्शन हमारी बहनों को दिया गया है। आप लोग कहते हैं कि धारा 370 हट गई। लेकिन इसका मतलब क्या हुआ? जिन एससी भाइयों को जम्मू कश्मीर में आरक्षण नहीं मिल पा रहा था। उन्हें अब अपना हक मिल गया है। वह वहां पर नौकरी कर सकते हैं।

अब पहली बार जम्मू कश्मीर की विधानसभा में एससी मेंबर चुनकर जा सकेगा। ये है मोदी जी का काम करने का तरीका। नड्?डा ने राजनीति में परिवारवाद पर हमला बोलते हुए कहा कि अब्दुल्ला, महबूबा मुफ़्ती, चौटला, उप्र में अखिलेश-डिंपल की पार्टी, परिवारवाद की पार्टी है या नहीं। बिहार में लालू, तेजस्वी-मीसा एक परिवार की पार्टी है कि नहीं। कांग्रेस में राहुल गांधी, सोनिया-प्रियंका एक परिवार की पार्टी हैं या नहीं। इनमें से ज्यादातर या तो बेल पर हैं या जेल में हैं।

# कहीं और शादी की तो तेजाब से नहला दूंगा...



**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** महिला दरोगा को दबंग ने परिवार समेत तेजाब से जला डालने की धमकी दी है। जिसके बाद पूरा परिवार दहशत में है। युवती के होने वाले ससुराली जनों को पूर्व की फोटो और वीडियो दिखाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी भी दी। युवती ने पिता के साथ थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र में रहने वाले सीआरपीएफ दरोगा की बेटी की क्षेत्र के रहने वाले अजय कुमार से मित्रता थी। करीब एक साल पहले युवती की पुलिस दरोगा के पद पर मेरठ में नियुक्ति हो गई। युवती की दरोगा के बेटे से शादी तय हो गई। जिस पर अजय ने युवती को फोन पर दूसरी जगह शादी करने से रोका। अजय ने उसे दूसरी जगह शादी करने पर परिवार समेत तेजाब से जलाकर मार देने की धमकी दे दी। इसके बाद उसके होने वाले ससुरालीजनों को घर बुलाकर पूर्व में युवती के साथ खिंचाई फोटो और बने वीडियो दिखाकर शादी तोड़ने का दबाव बनाया। आरोप है कि अजय ने भाई आशीष, अजीत और बहनोई अजय कुमार के साथ मिलकर युवती को बदनाम करने के लिए एडिट किए हुए फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी।

बुधवार को पुलिस ने अजय समेत उसके दोनों भाई और बहनोई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# इरफान समेत करीबियों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

## बिल्डर हाजी वसी, नूरी शौकत समेत कई आए जांच के लपेटे में





**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के छह ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को छापा मारा, जिसमें करीब 50 करोड़ रुपये की काली कमाई के सुराग मिले हैं। इरफान सोलंकी का कानपुर में 10 करोड़ रुपये का मकान और मुंबई के बांद्रा इलाके में पांच करोड़ के फ्लैट की भी जांच हो रही है। कानपुर के पांच और मुंबई के एक ठिकाने पर मारे गए छापों में 26 लाख रुपये की नकदी भी बरामद हुई है।

बता दें कि तीन बार सपा विधायक रहे इरफान सोलंकी और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर ईडी की टीमों ने केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के साथ सुबह पांच बजे छापा मारा। इससे पहले ईडी ने फरवरी माह के दूसरे सप्ताह में कानपुर पुलिस द्वारा इरफान सोलंकी के खिलाफ दर्ज करीब 10 मुकदमों के आधार पर मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया था। दरअसल, इरफान और उनके सहयोगियों के खिलाफ जबरन वसूली, नजूल, निजी और सरकारी जमीनों पर कब्जा करने, अवैध निर्माण और उसकी बिक्री से संबंधित 17 मुकदमे दर्ज होने की जानकारी कानपुर पुलिस कमिश्नरेट ने दी थी। प्रारंभिक जांच के बाद बृहस्पतिवार को ईडी ने इरफान, उसके भाई रिजवान, करीबी बिल्डर हाजी वसी और शौकत अली, सपा नेत्री नूरी शौकत के ठिकानों को खंगालना शुरू कर दिया। वहीं, मुंबई में इरफान के बांद्रा स्थित बेशकीमती फ्लैट पर भी छानबीन की गई। हाजी वसी वर्ष 2022 के कानपुर दंगों के फायनेंसरों में शामिल था। उसका गिरोह आधार कार्ड प्राप्त करके अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को भारत में बसने में सहायता करता है। मामले में इरफान और उसके करीबियों पर कानपुर पुलिस ने गैंगस्टर लगाने के बाद करीब 100 करोड़ रुपये की संपत्तियों को जब्त कर लिया था।

### आचार संहिता उल्लंघन का भी केस है दर्ज

कर्नलगंज थाने के दरोगा आनंद कुमार ने विधानसभा चुनाव के दौरान दो जनवरी 2017 को इरफान सोलंकी, बंटी सेंगर और रोहित वर्मा उर्फ मोंटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि ईदगाह कालोनी के ब्लाक नंबर 26 पर हैंडपंप की बोरिंग कराई जा रही थी। वहां लगे बैनर पर लिखा था कि यह काम सपा विधायक इरफान सोलंकी द्वारा कराया जा रहा है। उसी क्षेत्र में दो अन्य हैंडपंप पार्क नंबर दो और कामता प्रसाद गुप्ता के मकान के सामने लगवाए गए थे। चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर यह काम वोटरों को लुभाने के लिए किया गया। इस मामले की सुनवाई एमपी एमएलए कोर्ट में चल रही थी।

# सुधर जाओ वरना कार्रवाई तय!

## कमजोर टैक्स वसूली पर नगर आयुक्त ने दिया अल्टीमेटम



**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** नगर निगम के नगर आयुक्त शिवश्रणप्पा जीएन द्वारा वसूली की समीक्षा के दौरान पाया गया कि जोन-1, 2 व 4 में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कर-करेत्तर के निर्धारित वार्षिक लक्ष्य सापेक्ष माह फरवरी, 2024 तक काफी कम वसूली की गयी है। इस प्रकार स्पष्ट है कि जोन-1, 2 व 4 के जोनल अधिकारियों द्वारा वसूली की नियमित समीक्षा व व्यक्तिगत रूचि न लिये जाने के कारण इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न हुई है। इस सम्बन्ध में नगर आयुत ने जोनल अधिकारियों को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए निर्देश दिया कि जोन-1, 2 व 4 में निर्धारित वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष माह फरवरी, 2024 तक इतनी कम वसूली किये जाने का क्या कारण है तथा लक्ष्य की शत-प्रतिशत वसूली हेतु माह मार्च, 2024 हेतु आपका माइक्रो प्लान क्या है तथा इस दिशा में आप व अधीनस्थों द्वारा अब तक क्या सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं? उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति न किये जाने की दशा में कार्यवाही के लिये शासन को अवगत कराया जायेगा, जिसके लिए जोनल अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे। साथ ही आदेशित किया कि राजस्व वसूली में रूचि न लेने वाले कर राजस्व निरीक्षक को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही का प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

# ट्रक के केबिन में कर दिया रेप



प्रतीकात्मक फोटो

**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** हमीरपुर कुरारा थाना क्षेत्र की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी ने पुलिस को बताया कि उसकी मां उन्नाव स्थित एक ईंट भट्ठे में रहकर मजदूरी करती है। पिता दिव्यांग हैं। 24 फरवरी की शाम वह बड़े भाई के साथ मां के पास उन्नाव जा रही थी। पड़ोसी गांव के चालक पिंटू के ट्रक में दोनों बैठ गए। बिधनू शंभुआ आरओबी के पास उसका भाई ट्रक से उतरकर खेत की ओर शौच के लिए चला गया। इस दौरान पिंटू ने क्लीनर से ट्रक के केबिन के दरवाजे बंद करवा दिए। जिसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। शौच से लौटे भाई के विरोध पर पिंटू ने क्लीनर के साथ दोनों को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उन्नाव स्थित ईंट भट्टे के पास दोनों को उतारकर लखनऊ की तरफ भाग गए। घटना के दूसरे दिन पीड़िता दिव्यांग पिता, मां और भाई के साथ कुरारा थाने पहुंची। जहां से उसे बिधनू थाने के लिए भेज दिया गया। बिधनू पहुंचने पर पुलिस ने फिर से उसे कुरारा भेज दिया। दोनों थानों के चक्कर लगाकर थक चुकी पीड़िता ने पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। जिसके बाद बुधवार को बिधनू पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर किशोरी को मेडिकल के लिए भेजा। एसीपी घाटमपुर रंजीत सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# 5 दिन में एनकाउंटर की 'हैट्रिक'



**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** पुलिस कमिश्नरेट का लंगड़ा ऑपरेशन लगातार जारी है जहां पुलिस ने गुरुवार रात करीब 8:20 बजे एक बदमाश को लंगड़ा यानि हाफ एनकाउंटर कर दिया है मौके पर डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह सहित कई थाने की फोर्स मौजूद है इस संबंध में डीसीपी ने बताया कि महाराज पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी इसी दौरान उनको सूचना मिली कि किसी बदमाश ने पुलिस पर हमला कर दिया है लेकिन जब कई थाने की फोर्स सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे तो एक बदमाश के पैर में गोली लगी थी जिसने पुलिस पर हमला करने का प्रयास किया था जवाबी कार्रवाई में बदमाश घायल हो गया फिलहाल इस पूरे मामले में डीसीपी ने बदमाश के बारे में आगे कुछ नहीं बताया उनका कहना था कि आगे जांच करके सभी चीजें मीडिया से साझा की जाएगी। बदमाश को हास्पिटल उपचार के लिए भेज दिया गया है बता दे कि पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के कार्यकाल का ये चौथा हाफ एनकाउंटर है जिससे ये साफ जाहिर होता है कि अपराध करने वालों को कानपुर पुलिस कमिश्नरेट किसी तरह से बख्शेंगी नहीं।

## किसानों को बांटे प्रमाण पत्र

**कानपुर।** प्रदेश सरकार की तरफ से नलकूपों के बिजली बिल पर शत प्रतिशत छूट देने के मामले में कानपुर के सीएएस सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक नीलिमा कटियार, सुरेंद्र मैथानी, डीएम राकेश कुमार सिंह, केस्को एमडी सैमुअल पॉल आदि शामिल हुए। यहां पर लखनऊ में हुए कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि किसानों के जीवन में समृद्धि और उनकी आय दोगुनी करने में मोदी सरकार प्रयासरत है।

# पत्रकारों के सर्वांग हितों के लिए तत्पर है कानपुर प्रेस क्लबः सरस बाजपेई



**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** कानपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार सरस बाजपेई ने कहा कि पत्रकारों के सर्वांगीण हितों के लिए कानपुर प्रेस क्लब तत्पर है। इसी क्रम में शीघ्र पत्रकारों का पंजीकरण करा कर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सहयोग से पत्रकारों व उनके परिवार जनों का स्वास्थ्य परीक्षण से लेकर निशुल्क उपचार की व्यवस्था की गई है जिस पर अमल किया जा रहा है इसके अतिरिक्त पत्रकारिता विषय पर गंभीर विमर्श की शुरुआत की जा रही है जिसमें प्रेस क्लब प्रमुख भूमिका निभाएगा।

सरस वाजपेई ने आज यशोदा नगर स्थित रियल मीडिया न्यूज़ नेटवर्क व वर्ल्ड वाइड अखबार पेज 3 न्यूज के कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया यहां वार्ता करते हुए बाजपेई ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में प्रेस क्लब वोट प्रतिशत बढ़ाने को जागरूकता अभियान भी चला रहा है उन्होंने अशासत किया कि पत्रकारिता की विश्वसनीयता व महत्व उपयोगिता का क्षरण नहीं होने दिया जाएगा।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष का स्वागत रियल मीडिया के चीफ एडिटर पीयूष त्रिपाठी व पत्रकार सुशील कुमार, अभिषेक शुक्ला, जगनायक प्रधान, अरविंद शुक्ला सुधीर त्रिपाठी दीपक दीक्षित बृजराज राजावत ने किया। इस अवसर पर खोजी नारद के पत्रकार महेश सोनकर का भी स्वागत व सम्मान किया गया।

# मिशन 2024 के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश



**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** गुरुवार को भाजपा कानपुर उत्तर की बैठक भाजपा नवीन मार्केट कार्यालय पर जिलाध्यक्ष दीपू पाण्डेय जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक को सम्बोधित करते हुये कानपुर लोकसभा के सह प्रभारी रमाकांत त्रिपाठी ने लोकसभा स्तर पर विधानसभा स्तर पर मण्डल स्तर पर व शक्ति केन्द्र स्तर पर युवा प्रमुख, महिला प्रमुख, धर्माचार्य प्रमुख, प्रबुद्ध वर्ग से, व्यापारी वर्ग से प्रमुख, किसान प्रमुख, एवं जातियों के प्रमुख,बनाना है।यह कार्य 25 मार्च तक करके अपने कार्य को प्रभावी रूप से प्रारंभ कराना है। बूथ स्तर पर अपने सभी मातृ संगठन के कार्यकर्ताओं को, अनुसांगिक संगठनों के कार्यकर्ताओं को एवं स्थानीय समितियां दुर्गा पूजा कमेटी, गणेश उत्सव कमेटी, खेलकूद की कमेटियां, रामलीला समितियों के साथ बूथ पर टोलियां बनाकर सम्पर्क प्रारम्भ करना है एवं बूथ पर छोटी छोटी बैठकें प्रारम्भ करके शत प्रतिशत मतदाताओं से सम्पर्क स्थापित करके पार्टी के पक्ष में मतदान कराना है। बैठक का संचालन लोकसभा के संयोजक मणीकांत जैन ने किया। जिलाध्यक्ष दीपू पाण्डेय ने संगठन की अपेक्षा के अनुसार कार्य पूरा करने के लिये सभी कार्यकर्ताओं का आवाहन किया और कहा कि प्रत्येक बूथ पर हमारा कार्यकर्ता पूर्ण रूप से तैयार है और हम कानपुर लोकसभा को 5 लाख वोटों से जीतने जा रहे हैं। बैठक में रामशरण कटियार, कौशल किशोर दीक्षित, राकेश गुप्ता, विनोद शुक्ला, लोकसभा विस्तारक सुमित, विनीत चन्देल, संजय जाटव, राकेश तिवारी, सुनील जायसवाल सहित सभी मण्डल के अध्यक्ष व प्रभारी उपस्थित रहे।

# हिंदू मुस्लिम सद्भाव का गवाह बना सेकेंण्ड्री स्कूल परसेंडी

- चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच परिणय सूत्र में बंधे सात ब्लाकों के 315 जोड़े
- कसमंडा के 48 जोड़ों ने शादी के बंधन में बंध कर शुरू किया नया जीवन



**कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** परसेंडी इलाके का गन्ना उत्पादक औद्योगिक हायर सेकेंण्ड्री स्कूल बृहस्पतिवार को हिंदू मुस्लिम सद्भाव का गवाह बना। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य व्यवस्थाओं के बीच सात ब्लाकों के 315 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। परसेंडी, सिधौली, मिश्रिख, ऐलिया, गोदलामऊ, मछरेहटा के साथ कसमंडा ब्लॉक से 48 नवयुगलों ने शादी के बंधन में बंध कर अपने नये जीवन की शुरुआत की। परसेंडी ब्लॉक प्रमुख के अलावा मौजूद वरिष्ठ जनों ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया। और कहा कि अब गरीब परिवार में बेटियों की शादी के लिए कोई समस्या नहीं है। एडीओ समाज कल्याण प्रेमचंद ने बताया कसमंडा इलाके से कुल 50 जोड़ों की शादी होनी थी। जिसमें दो जोड़े अनुपस्थित रहे। 44 हिंदू व चार मुस्लिम जोड़ों का विवाह करवाया गया है। सभी बेटियों को आर्थिक सहायता के साथ-साथ गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने पर उपहार भेंट किये गए है। एडीओ रामवीर सारस्वत, एडीओ कोऑपरेटिव आशुतोष धुर्वे सचिव विवेक कुमार, बृजेश कुमार, सुशील यादव, गनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# त्यौहारों पर गड़बड़ी की तो होगी सख्त कार्रवाईः रोहित


## थाना प्रभारी ने गणमान्य नागरिकों के साथ की बैठक

अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। आगामी त्यौहारों को लेकर अटरिया थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई। थाना प्रभारी रोहित दुबे ने थाने में पीस कमेटी की बैठक के दौरान कहा कि आगामी दिनों में महाशिवरात्रि व माहे रमजान पर्व शुरू होने जा रहा है।

प्रत्येक गांवों में शांति व्यवस्था कायम रहे इसको लेकर सभी लोग अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखें। संदिग्ध व्यक्ति को देखते ही पुलिस को तत्काल सूचित करें। थाना प्रभारी ने इलाके के सभी सुप्रसिद्ध महादेव मंदिरों के पुजारियों से मंदिर परिसर में लगने वाले मेला कार्यक्रमों की जानकारी ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी रहेगी। उन्होने शांति व्यवस्था बनाये रखने में सभी से सहयोग मांगा। कहा कि सभी लोग त्यौहार शांति पूर्वक मनाएं जाने में अपना सहयोग करें। महाशिवरात्रि पर बालेश्वर महादेव, बेरसापुर महादेव, बाबा गढ़ी धरावां, मानेश्वर महादेव, रसूलपनहा सहित प्रसिद्ध मंदिरों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। पीस कमेटी की बैठक के दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक विशम्भर दयाल सिंह, बेरसापुर प्रधान सतीश कुमार, विनोद दीक्षित, बाबू पांडेय सहित इलाके के दर्जनों प्रधान बीडीसी प्रतिनिधि व सम्मानित लोगों मौजूद रहे।

# शिक्षा के क्षेत्र में संचार माध्यमों का खासा योगदानः प्रेरणा सिंह

## सीता ग्रुप ऑफएज्यूकेशन में स्मार्ट क्लास का शुभारम्भ



**महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** आधुनिक युग में शिक्षा के क्षेत्र में संचार माध्यमों का बड़ा योगदान है, जिसको विभिन्न माध्यमों से बढ़ाने का काम लगातार सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में सांसद की पहल पर बैंक ऑफ बड़ौदा व प्रोमिसिंग इंडिया सोसाइटी की ओर से उपलब्ध कराई गई स्मार्ट टीवी विद्यार्थियों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। उक्त बातें बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ने के लिए सीतापुर सांसद द्वारा प्रदान की गई स्मार्ट क्लास का शुभारंभ सीता ग्रुप आफएज्यूकेशन के शास्त्री सभागार में करते हुये सोसाइटी की अध्यक्षा प्रेरणा सिंह ने कही। सीतापुर सांसद राजेश वर्मा द्वारा वर्ष 2023 यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल में प्रदेश टॉप करने वाली सीता इंटर कॉलेज की छात्रा प्रियांशी सोनी की उपलब्धि पर कालेज में स्मार्ट क्लास के संचालन के लिये स्मार्ट टीवी भेंट की। स्मार्ट क्लास के शुभारंभ के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के चीफ मैनेजर आशीष सिंह, सीनियर मैनेजर मंयक सिंह, रीजनल ऑफिसर अभिषेक सिंह, मैनेजर गौरव सिंह, फॉरेस्टर अरविंद यादव राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज सहरा नानकारी के सहायक शिक्षक शैलेंद्र वर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत संस्था के चेयरमैन आरके वाजपेयी द्वारा बुके भेंट कर किया गया। कॉलेज में सांसद राजेश वर्मा द्वारा स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध कराये जाने पर संस्था के चेयरमैन के साथ डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष, वागीश दिनकर, उप प्रधानाचार्य आरजे वर्मा, राकेश शुक्ल, शिव सेवक मिश्र, आशीष मौर्य सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुये बधाई दी।

# पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नही हैं पीड़ित महिलायें

**तम्बौर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** तंबौर थाना इलाके में घर घुस कर महिलाओं की पिटाई और उनके साथ अभद्रता करने वाले दबंगों के खिलाफ पुलिस ने केस तो दर्ज कर लिया है, लेकिन पीड़ित महिलायें पुलिस की इस कार्रवाई से संतुष्ट नही है। उनका कहना है कि सीसी टीवी कैमरे में आई तस्वीर को देखकर दबंगों के विरूद्ध गम्भीर धाराओं में कार्रवाई की जाये। बताते चलें कि रेउसा मोड नई बस्ती में ककरहा निवासिनी गुलशन पत्नी मुबारक अली व उसके बेटे की 21 फरवरी की सुबह 10 बजे लकड़ी की पाली को लेकर कुछ दबंगों से कहा सुनी हुई थी। जिसमें दबंग सुहेल मशीन वाले फुरकान, अशफाक, मुनीम, वाहिद ने मिलकर महिलाओं को घर में घुसकर पीट दिया था जिससे गुलशन को काफी चोटे आई थी। उसके बेटे को भी दबंगों ने मारा पीटा था। वादनी का आरोप है कि घर में घुसकर दबंगों ने हकीकुन को खींच लिया और उसके साथ छेड़खानी भी की। पुलिस ने धारा 323 ,504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वादिनी पुलिस की इस कार्रवाई से संतुष्ट नही है। उसका कहना है कि पुलिस ने मामूली धाराओं में केस दर्ज किया है। उसके मुताबिक फैक्ट्री में कैमरे लगे हुए हैं पुलिस कैमरा चेक कर दबंगों के विरूद्ध गम्भीर धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई करें।

# अंकित बने सयुस सिधौली के नगर अध्यक्ष

**सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष संदीप कश्यप ने सिधौली क्षेत्र के अंकित यादव को युवजन सभा सिधौली नगर इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से सपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। इनके मनोनयन पर पूर्व विधायक डॉ हरगोविंद भार्गव विधानसभा अध्यक्ष रमेश यादव सहित सैकड़ों सपाइयों हर्ष व्यक्त किया है। सयुस नगर अध्यक्ष अंकित यादव का कहना है कि वह युवाओं को समाजवादी पार्टी से जोड़ेंगे और मोहनलालगंज की सीट पर सपा प्रत्याशी को जिताने के लिये पूरी ताकत झोंक देंगे।

# वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान गृहस्वामी की बाइक चोरी

अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। इलाके के परेवाजाल में वैवाहिक कार्यक्रम से अज्ञात चोरों ने गृहस्वामी की बाइक उड़ा दी। सूचना पर पुलिस ने बाइक चोर की तलाश शुरू कर दी है। परेवाजाल निवासी विकास सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके यहां बहन की शादी थी। बाइक पल्सर संख्या यूपी 32 एचपी 1458 घर के बाहर खड़ी थी। बीती रात अज्ञात चोर बाइक चोरी कर फरार हो गए। सुबह इधर उधर खोजबीन की, गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से खोजबीन किया पर कोई पता नहीं चला। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# आग की लपटों में जलकर लाखों की सम्पत्ति खाक

झरेखापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव मे अज्ञात कारणों से आग लगने से छह परिवारों का घरों मे रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के मुताबिक देना ग्राम पंचायत के मजरा तकिया गांव मे अज्ञात कारणों से अच्छन के घर मे आग लग गयी जिसमे आग ने एक ही परिवार के पांच और घरों को चपेट मे ले लिया।आग लगने से शराफत के घर मे रखी दो लाख नगदी समेत चार लाख का नुकसान हुआ, जबकि अफजाल ,सलमान, शौकत, अहमद, शरीफ के घरों मे रखा अनाज, कपड़े व अन्य सामान जलने से करीब दो लाख का नुकसान हो गया। बड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड व गांव वालों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

## रोडवेज की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** शहर कोतवाली इलाके में तेज रफ्तार बेकाबू बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर प्रकरण में रोडवेज बस चालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। बताते चलें कि शहर के मोहल्ला घूरामऊ बंगला निवासी कमल कुमार उम्र 42 वर्ष पुत्र गंगादीन बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहा था।


# कानपुर नगर निगम

## निविदा सूचना

### निविदा संख्या - 85/मु0अभि0/2023-24

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023-24 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023-24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्तवपूर्ण एवं आवश्यक कार्यों हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :-

1. ई-निविदा पद्धति से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या :- 10 दिनांक 13.03.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यों का पृथक-पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर

पत्रांक : 418, दिनांक : 07.03.2024

# कार्यालय ग्राम पंचायत दहैया विकास खण्ड कसमण्डा, सीतापुर

पत्रांकः मेमो/15वॉ/पंचम/मनरेगा/राज्य वित्त/नि.सू./2023-24 — दिनॉंक : 07.03.2024

## निविदा आमंत्रण सूचना (अल्पकालीन)

**कार्यालय ग्राम पंचायत दहैया वि.ख. कसमण्डा** के पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मों व भट्ठा मालिको को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्यो की अल्पकालिक मोहरबन्द निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों, फर्मो व भट्ठों से दिनाँक 13.03.2024 को अपरान्हन 02:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 04:30 बजे पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। किसी भी टेण्डर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 08.03.2024 से दिनाँक 12.03.2024 तक **कार्यालय ग्राम पंचायत दहैया** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एन.एस.सी./एफडी.आर. के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो **कार्यालय ग्राम पंचायत दहैया** के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तों आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मों द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है | सामग्री लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जगमोहन के मकान से नया तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 2,87,617.63 | एम 150 ईट, सीमेंट, मौरंग, फाइन सैंड, गिट्टी, ईटा गिट्टी, सरिया आदि। | 2,28,743.44 | 200.00 |
| 2. | डामर रोड से रामदयाल के मकान तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 2.69 लाख | सीमेंट, बालू, मौरंग, 20 एमएम गिट्टी, 40 एमएम ईटा गिट्टी, ईट एम 150, इण्टरलॉकिंग टाइल्स आदि। | 2,21,690.30 | 200.00 |
| 3. | आरसीसी रोड से असगर के मकान तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 2,70,465.72 | सीमेंट, बालू, मौरंग, 20 एमएम गिट्टी, 40 एमएम ईटा गिट्टी, ईट एम 150, इण्टरलॉकिंग टाइल्स आदि। | 2,26,717.05 | 200.00 |
| 4. | लल्ला के मकान से श्रीधर के मकान तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 2.61 लाख | सीमेंट, बालू, मौरंग, 20 एमएम गिट्टी, 40 एमएम ईटा गिट्टी, ईट एम 150, इण्टरलॉकिंग टाइल्स आदि। | 2,17,894.10 | 200.00 |
| 5. | रामपाल के मकान से शिवराम के मकान तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 3.02 लाख | सीमेंट, बालू, मौरंग, 20 एमएम गिट्टी, 40 एमएम ईटा गिट्टी, ईट एम 150, इण्टरलॉकिंग टाइल्स आदि। | 2,46,334.74 | 200.00 |
| 6. | आर.सी.सी. रोड से जवाहिर के मकान तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 1,54,037.50 | सीमेंट, बालू, मौरंग, 20 एमएम गिट्टी, 40 एमएम ईटा गिट्टी, ईट एम 150, इण्टरलॉकिंग टाइल्स आदि। | 1,26,741.50 | 200.00 |

जिस निविदादाता का टेण्डर सबसे कम दर का हो, उसे टेण्डर स्वीकृत दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो **ग्राम पंचायत दहैया** के पक्ष में होगी। जमा करने पर ही सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जायेगा।

प्रधान — सचिव

# कार्यालय ग्राम पंचायत शाह जलालपुर, विकास खण्ड बिसवॉं, सीतापुर

पत्रांकः मेमो/15वॉ/पंचम/मनरेगा/राज्य वित्त/नि.सू./2023-24 — दिनॉंकः 07.03.2024

## निविदा आमंत्रण सूचना (अल्पकालीन)

**कार्यालय ग्राम पंचायत शाह जलालपुर वि.ख. बिसवां** के पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मों व भट्ठा मालिको को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्यो की अल्पकालिक मोहरबन्द निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों, फर्मो व भट्ठों से दिनाँक 13.03.2024 को अपरान्हन 02:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 04:30 बजे पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। किसी भी टेण्डर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 08.03.2024 से दिनाँक 12.03.2024 तक **कार्यालय ग्राम पंचायत शाह जलालपुर** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो **कार्यालय ग्राम पंचायत शाह जलालपुर** के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तों आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मों द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | स्ट्रीट लाइट संख्या | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानों पर स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्य। | 75 नग | 200.00 |

जिस निविदादाता का टेण्डर सबसे कम दर का हो, उसे टेण्डर स्वीकृत दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो **ग्राम पंचायत शाह जलालपुर** के पक्ष में बंधक होगी। जमा करने पर ही सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जायेगा।

प्रधान — सचिव

SA NEWS
# स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, शुक्रवार, 8 मार्च, 2024
विक्रम संवत 2080, फाल्गुन मास, त्रयोदशी (कृष्ण पक्ष)



आलोचना से बचने का एक ही तरीका है : कुछ मत करो, कुछ मत कहो और कुछ मत बनो।

**अरस्तु**

## साख पर सीधा प्रहार

आज ऐसे संदेह खुलकर जताए जा रहे हैं कि न्यायपालिका का एक हिस्सा एक खास राजनीतिक परियोजना का हिस्सा बनता जा रहा है। इस पृष्ठभूमि में जस्टिस गंगोपाध्याय से संबंधित खबर न्यायिक साख के लिए तगड़े झटके के रूप में रूप में आई है।

किसी संवैधानिक न्यायालय का वर्तमान जज आम चुनाव से ठीक पहले राजनीति में भाग लेने का इरादा जताते हुए अपने पद से इस्तीफा दे, तो बेशक उससे न्यायपालिका की निष्पक्षता को लेकर आम जन के बीच एक बेहद खराब संदेश जाएगा। और खासकर तब तो बिल्कुल ही ऐसा होगा, अगर उस जज ने अपने कार्यकाल के दौरान ऐसे अनेक आदेश दिए हों और टिप्पणियां की हों, जिनसे एक पार्टी विशेष को अपना एजेंडा आगे बढ़ाने में मदद मिली हो। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय न्यायपालिका में सचमुच ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

> किसी संवैधानिक न्यायालय का वर्तमान जज आम चुनाव से ठीक पहले राजनीति में भाग लेने का इरादा जताते हुए अपने पद से इस्तीफा दे, तो बेशक उससे न्यायपालिका की निष्पक्षता को लेकर आम जन के बीच एक बेहद खराब संदेश जाएगा। और खासकर तब तो बिल्कुल ही ऐसा होगा, अगर उस जज ने अपने कार्यकाल के दौरान ऐसे अनेक आदेश दिए हों और टिप्पणियां की हों, जिनसे एक पार्टी विशेष को अपना एजेंडा आगे बढ़ाने में मदद मिली हो। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय न्यायपालिका में सचमुच ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

कलकत्ता हाई कोर्ट के जज अभिजित गंगोपाध्याय के कई आदेशों से पश्चिमी बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी हुई थीं। जबकि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के तृणमूल विरोधी अभियान को उन आदेशों से बल मिला था। इसीलिए जस्टिस गंगोपाध्याय ने जब यह एलान किया कि वे मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा देकर राजनीति में प्रवेश करेंगे, तो उससे न्यायिक निष्पक्षता के पक्षधर लोगों को आघात पहुंचा।जस्टिस गंगोपाध्याय ने अभी नहीं बताया है कि वे किस दल की सदस्यता लेंगे या क्या वे लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनेंगे। लेकिन उनकी ताजा घोषणा से तृणमूल कांग्रेस को यह कहने का आधार जरूर मिला है कि राज्य सरकार विरोधी उनकी कई पुरानी टिप्पणियां राजनीति में प्रवेश करने का आधार बनाने के मकसद से की गई थीं। यह बात अपनी जगह सही है कि समय से पहले पद छोड़कर जजों के राजनीति में प्रवेश करने का यह पहला मौका नहीं है।अतीत में कम-से-कम ऐसी दो मिसालें हैं। लेकिन यह बात अवश्य ध्यान में रखनी चाहिए कि तब न्यायपालिका इतने सवालों से घिरी हुई नहीं थी, जितनी आज है। तब के जजों के निर्णयों को उनके व्यक्तिगत विचलन के तौर पर देखा गया था। उनमें से एक जज सत्ताधारी दल के नहीं, बल्कि विपक्ष के उम्मीदवार बने थे। जबकि आज ऐसे संदेह खुलकर जताए जा रहे हैं कि न्यायपालिका का एक बड़ा हिस्सा एक खास राजनीतिक परियोजना का हिस्सा बनता जा रहा है।

## आज का इतिहास

1534 - गुजरात के बहादुर शाह ने चित्तौरगढ़ को लूटा।
1618 - जोहान्स केपलर ने ग्रहों की गति के तीसरे नियम की खोज की।
1650 - महाराष्ट्र के प्रसिद्ध संत तुकाराम महाराज का निधन।
1702 - ऐनी स्टुअर्ट इंग्लैंड की महारानी बनीं।
1706 - कैटालोनिया की रियासत ने अपनी लघु संसद बनायी और स्पेन के राजा कार्लोस तृतीय ने अध्यक्षता की।
1817 - न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना हुई।
1844 - ऑस्कर प्रथम नॉर्वे और स्वीडन का राजा बने।
1911 - यूरोप में पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।
1921 - प्रसिद्ध फिल्म गीतकार साहिर लुधियानवी का जन्म।
1921 - स्पेन के प्रधानमंत्री एडुआर्डो दातो की मैड्रिड में संसद के बाहर हत्या।
1924 - यूटा, अमेरिका में हुई कैसल गेट खान दुर्घटना में 172 कोयला खनिकों की मौत।
1930 - महात्मा गांधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू किया।
1942 - द्वितीय विश्व युद्ध में जापान ने म्यांमार की राजधानी रंगून पर कब्जा किया।
1948 - एयर इंडिया इंटरनेशनल की स्थापना।
1950 - सोवियत संघ ने अपने पास परमाणु बम होने की घोषणा की।
1952 - एन्टोइन पिने फ्रांस के प्रधानमंत्री बने।
1953 - राजस्थान की पहली महिला मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया का जन्म।
1957 - मिस्त्र ने स्वेज नहर दुबारा खोला।

## लोक कल्याण के देव हैं शिव

महाशिवरात्रि भगवान शिव का त्यौहार है। देश के सभी प्रदेशों में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। भारत के साथ नेपाल, मारीशस सहित दुनिया के कई अन्य देशों में भी महाशिवरात्रि मनाते हैं। हर साल फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का व्रत किया जाता है। हिन्दू पुराणों के अनुसार इसी दिन सृष्टि के आरंभ में मध्यरात्रि में भगवान शिव ब्रह्मा से रुद्र के रूप में प्रकट हुए थे। इसीलिए इस दिन को महाशिवरात्रि कहा जाता है। शिवरात्रि के प्रसंग को हमारे वेद, पुराणों में बताया गया है कि जब समुद्र मन्थन हो रहा था उस समय समुद्र में चौदह रत्न प्राप्त हुए। उन रत्नों में हलाहल भी था। जिसकी गर्मी से सभी देव दानव त्रस्त होने लगे। तब भगवान शिव ने उसका पान किया। उन्होंने लोक कल्याण की भावना से अपने को उत्सर्ग कर दिया। इसलिए उनको महादेव कहा जाता है। जब हलाहल को उन्होंने अपने कंठ के पास रख लिया तो उसकी गर्मी से कंठ नीला हो गया। तभी से भगवान शिव को नीलकंठ भी कहते हैं। शिव का अर्थ कल्याण होता है। जब संसार में पापियों की संख्या बढ़ जाती है तो शिव उनका संहार कर लोगों की रक्षा करते हैं। इसीलिए उन्हें शिव कहा जाता है। यौगिक परम्परा में इस दिन और रात को इतना महत्व इसलिए दिया जाता है क्योंकि यह आध्यात्मिक साधक के लिए जबरदस्त संभावनाएं प्रस्तुत करते हैं। आधुनिक विज्ञान कई चरणों से गुजरने के बाद आज उस बिंदु पर पहुंच गया है। जहां वह प्रमाणित करता है कि हर वह चीज जिसे आप जीवन के रूप में जानते हैं। पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं। जिसे आप ब्रह्मांड और आकाशगंगाओं के रूप में जानते हैं। वह सिर्फ एक ही ऊर्जा है। जो लाखों रूपों में खुद को अभिव्यक्त करती है। माना जाता है की इस दिन भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और भगवान शिव की पूजा करते है। महाशिवरात्रि का व्रत रखना सबसे आसान माना जाता है। इसलिये बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी इस दिन व्रत रखते हैं। महाशिवरात्रि के व्रत रखने वालों के लिये अन्न खाना मना होता है। इसलिये फलाहार किया जाता है। राजस्थान में व्रत के समय गाजर, बेर का फलाहार किया जाता है। लोग मन्दिरों में भगवान शिव की पूजा करते हैं व उन्हे आक, धतूरा चढ़ाते हैं। भगवान शिव को विशेष रूप से भांग का प्रसाद लगता है। इस कारण इस दिन काफी जगह शिवभक्त भांग घोट कर पीते हैं। पुराणों में कहा जाता है कि एक समय शिव-पार्वती कैलाश पर्वत पर बैठे थे। पार्वती ने प्रश्न किया कि इस तरह का कोई व्रत है जिसके करने से मनुष्य आपके धाम को प्राप्त कर सके ? तब उन्होंने यह कथा सुनाई थी कि प्रत्यना नामक देश में एक व्यक्ति रहता था, जो जीवों को बेचकर अपना भरण पोषण करता था। उसने सेठ से धन उधार ले रखा था। समय पर कर्ज न चुकाने के कारण सेठ ने उसको शिवमठ में बन्द कर दिया। संयोग से उस दिन फाल्गुन बदी चतुर्दशी थी।

# 'मोदी का परिवार' अभियान विपक्षी दलों के लिये चुनावों में भारी पड़ सकता है

**ललित गर्ग**

बिहार की राजधानी पटना में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के बयान कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास परिवार ही नहीं है। वो हिंदू नहीं हैं। हिंदू अपनी मां के श्राद्ध में दाढ़ी-बाल बनवाता है। मोदी की माताजी का जब देहांत हुआ तो उन्होंने बाल-दाढ़ी क्यों नहीं बनवाया? इस तरह के बेतुके, आधारहीन एवं अमर्यादित बयान के विरोध में पूरी भारतीय जनता पार्टी उतर आई है। अब भाजपा और विपक्षी दलों के बीच %परिवारवाद' के मुद्दे पर वार-पलटवार जारी है। मोदी के परिवार एवं विपक्षी दलों के परिवारवाद को लेकर बड़ी बहस चल रही है लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को विपक्ष के एक आरोप 'चौकीदार चोर है' का भारी लाभ मिला था, तब भाजपा ने 'मैं भी चौकीदार' अभियान चलाया था। उसी तरह वर्ष 2024 के आम चुनाव से पूर्व 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू कर दिया है, जिसका भाजपा को भरपूर लाभ मिल सकता है, विपक्षी दलों की इस भूल के कारण भाजपा न केवल 370 सीटों के लक्ष्य को हासिल करेगी, बल्कि उनका गठबंधन 400 से पार जायेगा। निश्चित ही चुनाव का समय बहुत संवेदनशील होता है, जिसमें विवादित एवं व्यक्तिगत बयानों से बचना जरूरी होता है। विशेषतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और उनकी चुनावी रणनीति से भड़के कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव एवं विपक्षी दलों के नेता अपनी जुबान संभाल नहीं पा रहे। जैसे-जैसे मोदी एवं भाजपा का चुनावी अभियान तीक्ष्ण, उग्र एवं नियोजित होता जा रहा है, वैसे-वैसे उनके प्रति विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है।प्रधानमंत्री मोदी ने परिवार ना होने को लेकर विपक्ष के हमले पर पलटवार करते हुए पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक खुली किताब बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम उम्र में ही घर छोड़ दिया था। लगता है मोदी के परिवारवादी राजनीति के बयानों का विपक्ष के पास कोई प्रभावी जवाब नहीं है, तभी ऐसे बचकाने बयानों से दूषित राजनीति करने से विपक्षी दल स्वयं को बचा नहीं पा रहे हैं, दूसरी ओर मोदी ने ऐसे राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं एवं दलों के अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है। प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे इंडी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। मोदी निश्चित रूप से एक बड़े 140 करोड़ लोगों के परिवार से जुड़े हुए हैं। देश की जनता के सामने मोदी का जीवन खुली किताब जैसा है। देशवासी मोदी को भली-भांति जानते हैं, समझते हैं। उनकी पल-पल की खबर रखते हैं। देर रात तक अगर मोदी काम करते है तो देश से लाखों लोग उन्हें इतना काम नहीं करने एवं कुछ आराम करने की सलाह देते हैं, यह प्यार है मोदी परिवार का उनके प्रति। निश्चित ही मोदी ने एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। वे देशवासियों के लिये जीने का एक सपना लेकर चले थे। मोदी का कोई निजी सपना नहीं है, देश एवं देशवासियों के सपने ही उनके संकल्प हैं। इसलिए देश के 140 करोड़ लोग ही उनका परिवार हैं, जिसमें युवा, बेटियां, बुजुर्ग सभी हैं। जिनका कोई नहीं है, उनके मोदी हैं। मेरा भारत मेरा परिवार, इसी भावना का विस्तार लेकर वे सपनों को सच के साथ सिद्ध करने के लिए जी रहे हैं। पूरा देश मोदी का परिवार है।भाजपा के बड़े नेताओं ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखने का एक महा-अभियान शुरु कर दिया है, जो विपक्षी दलों के लिये भारी पड़ने वाला है। चुनाव के माहौल में विपक्षियों के बयान को भाजपा ऐसा मुद्दा बना लेती है, जिससे खुद विपक्षी नेता घिरते नजर आते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में रफाल की डील को लेकर जब राहुल गांधी ने 'चौकीदार चोर है' कहा तो भाजपा ने 'मैं भी चौकीदार' की ऐसी मुहिम चलाई कि वह विपक्ष पर ही भारी पड़ी। लालू के बयान के बाद अब 'मोदी का परिवार' मुहिम को भाजपा उसी तरह फोकस कर रही है। भाजपा नेताओं के मुताबिक, यह पूरी मुहिम चुनाव प्रचार के दौरान भी दिखाई देगी। यह अभियान चुनाव तक जारी रहेगा। भाजपा कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन पर परिवारवाद को लेकर निशाना साधती रही है। हाल ही में हुए भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में भी गृहमंत्री अमित शाह ने परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर खूब तंज कसा था। लोकसभा के आखिरी सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने परिवारवाद क्या है, इसकी पूरी परिभाषा ही दे डाली थी। अब जब लालू यादव का मोदी को लेकर बयान आया तो भाजपा परिवारवाद पर और उग्र हुई है। नरेन्द्र मोदी के दर्शन, उनकी व्यापक सोच, उनके विकासमूलक कार्यक्रमों, उनके व्यक्तित्व, उनकी बढ़ती ख्याति व उनकी कार्य-पद्धतियां पर विपक्षी दल एवं उनके नेताओं द्वारा कीचड़ उछालने की हदें पार हो रही हैं, उनके खिलाफ अमर्यादित भाषा का उपयोग हो रहा हैं, चुनावी सभाओं एवं चर्चाओं में भाषा की मर्यादा बिखर रही है, लेकिन मोदी अपने उद्बोधन में भाषा की मर्यादा को कायम रखते हुए कड़वे सच एवं यथार्थ को भी शालीनता एवं सहजता से परोस रहे हैं। विपक्ष के बेतुके बयानों एवं आरोपों से चुनावी परिदृश्य पल-पल बदलते हुए भाजपा की जीत को सहज बना रहे हैं। देखा जाये तो प्रधानमंत्री ने समूचे देश को अपना परिवार कहकर विपक्ष के बुने जाल में फंसने की बजाय उसके इरादों पर पानी फेर दिया कि ऐसे अशालीन एवं बचकाने बयानों से उन्हें हराया नहीं जा सकता। उनके इस कथन का कोई मतलब है तो यही कि विपक्ष जो कुछ कहने और सिद्ध करने की कोशिश कर रहा है, उसमें कोई दम नहीं। क्या अब भी विपक्ष मोदी को निशाना बनाने से परहेज करेगा, राहुल गांधी, लालू एवं विपक्ष अपनी ऐसी ही बेवकूफी से अपनी ही जड़ें खोद रहा है। क्योंकि मोदी को निशाना बनाने की राजनीति विपक्ष के लिये हमेशा नुकसानदायी रही है, मोदी अधिक चमके हैं, अधिक सशक्त बने हैं।



> मोदी की माताजी का जब देहांत हुआ तो उन्होंने बाल-दाढ़ी क्यों नहीं बनवाया ? इस तरह के बेतुके, आधारहीन एवं अमर्यादित बयान के विरोध में पूरी भारतीय जनता पार्टी उतर आई है। अब भाजपा और विपक्षी दलों के बीच परिवारवाद' के मुद्दे पर वार-पलटवार जारी है। मोदी के परिवार एवं विपक्षी दलों के परिवारवाद को लेकर बड़ी बहस चल रही है लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को विपक्ष के एक आरोप `चौकीदार चोर है' का भारी लाभ मिला था

# महिलाओं पर अत्याचार, पुलिस गुनहगार

**डॉ. प्रभात ओझा**

प्रोफेसर जीएन साईबाबा की रिहाई के आदेश और उधर, शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा सीबीआई को सौंपने के मामले में हीलाहवाली के मामले चर्चा में हैं। आमतौर पर दोनों ही मामले ठीक विपरीत हैं। साईबाबा को बंबई हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने माओवादी गतिविधियों में शामिल होने के प्रमाण नहीं मिलने पर उन्हें रिहा करने का आदेश दिया है। रिहाई होने की स्थिति में उन्हें और उनके परिवार को करीब 11 साल बाद न्याय मिल सकेगा। दूसरी ओर संदेशखाली में महिलाओं के यौन उत्पीड़न और ईडी टीम पर हमले के आरोपित शाहजहां शेख को कलकत्ता हाई कोर्ट की दखल के बाद भी सीबीआई को सौंपने से इनकार का मुद्दा एक अपराधी और उसके गुर्गों के पक्ष में जाता साफ दिख रहा है। हाई कोर्ट की सख्ती और दोबारा आदेश के बाद शेख सीबीआई को सौंपा गया। प्रोफेसर साईबाबा और शाहजहां शेख के व्यक्तित्व धुर विरोधी हैं। एक पढ़ा-लिखा व्यक्ति दो राज्यों की पुलिस के कुत्सित प्रयास से सजा भुगत रहा था। दूसरा कानून विरोधी हरकतों के सहारे अनर्गल धन उगाही और उसके बल पर महिला-अत्याचार का आरोपित है। फिर समानता क्या है दोनों मसलों में? दोनों ही मामलों में पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। इनके केंद्र में कष्ट झेलने वाली महिलाएं हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इन मामलों को देखने-समझने की जरूरत है। जीएन साईबाबा दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हैं और सम्भवतः सजा के बाद संस्थान से निष्कासित भी। निलंबित तो वे तत्काल कर दिए गए थे। पक्षाघात से पीड़ित साईबाबा शारीरिक रूप से 90 प्रतिशत अक्षम की श्रेणी में आते हैं। पुलिस की लापरवाही से करीब 11 साल तक उनका जेल में रहना अपने आप में जुल्म की इंतेहा है। अब इस मामले में महिलाओं के पक्ष को देखा जाए। इसे साईबाबा की पत्नी के बयान से समझा जाना चाहिए। वसंता कुमारी ने कहा कि वे और उनकी बेटी मंजीरा इस खबर के बाद बहुत खुश हैं कि साईबाबा रिहा कर दिए जाएंगे। साईबाबा और हमने इन वर्षों में बहुत दुख झेले हैं। वसंता कुमारी ने साईबाबा के साथ दूसरे आरोपितों के भी बरी होने की उम्मीद जताई है। स्वाभाविक है कि खुद की तरह वे दूसरों के परिवार की महिलाओं के प्रति भी संवेदना रखती हैं। संवेदना का अभाव तो संदेशखाली मामले में साफ झलक रहा है। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सली गतिविधि में संलिप्तता के मसले में साईबाबा की गिरफ्तारी महाराष्ट्र पुलिस की साजिश को उजागर करती है। बंबई हाई कोर्ट के नागपुर बेंच के दोबारा फैसले के बाद तो स्पष्ट हो गया है कि पुलिस किसी के इशारे पर काम करती रही। पश्चिम बंगाल पुलिस भी यही करती दिख रही है। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले राज्य की टीएमसी सरकार निशाने पर है। संदेशखाली का आरोपित इस पार्टी का नेता रहा है। लंबे समय तक इस मामले में पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी। गिरफ्तारी आरोपित की सुविधा से करने के अलावा ताजा प्रकरण यह रहा कि जब सीबीआई शाहजहां को अपनी गिरफ्त में लेना चाहती थी, हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद सुप्रीम कोर्ट की कथित व्यवस्था के नाम पर पश्चिम बंगाल पुलिस की सीआईडी यूनिट उसे सौंपने से इनकार करती रही। हालांकि हाई कोर्ट के दूसरे आदेश में सख्ती के बाद यह सम्भव हो सका। दोनों ही मामलों में राज्यों की पुलिस के कुत्सित कार्य कारक है। सबसे बड़ा दर्द महिलाओं का है। एक में परिवार के मुखिया को गिरफ्तार करने से परिवार की महिलाओं के कष्ट की अनदेखी है। दूसरे मामले में पहले से पुलिस कठघरे में है, महिलाओं पर अत्याचार के आरोपित के साथ खड़ी दिख रही है। महिला दिवस की शुरुआत 1908 में न्यूयार्क में महिलाओं के प्रदर्शन की याद में 1975 में हुई थी। तब यानी 1908 में महिलाओं ने नौकरी के घंटे कुछ कम करने और काम के अनुसार वेतन की मांग की थी। फिर 1911 में डेनमार्क, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया और जर्मनी में पहली बार महिला दिवस के आयोजन हुए थे।



# महाशिवरात्रि सतयुगी सवेरा लाने का यादगार पर्व

**ब्रह्मा कुमारी संगीता**



आज भारत पतित और दुःखी है। यही भारत आदिकाल में पावन, सुखी व वैभवशाली था। सृष्टि की आदि काल में सतयुग था। श्री लक्ष्मी व श्री नारायण के दैवीय दुनिया थी। शस्त्रों में है, मनुष्य को देवता बनाने तथा कलयुग को सतयुग में बदलने वाला निराकार परमात्मा है, जो सर्व आत्माओं के रुहानी पिता है। भारत में, शिव जयंती के बाद गीता जयंती भी मनाई जाती है। गीता जयंती से संबंधित है श्री कृष्ण जयंती, जिससे श्रीमद्भगवद्गीता व महाभारत युद्ध का भी सम्बन्ध है। परमात्मा के गीता वचन अनुसार इस महाभारी लड़ाई से आसुरी तत्वों का नाश और दैवी संपदा यानी देवी-देवता धर्म की पुनः स्थापना होती है। महाभारत की लड़ाई के बाद यादव कुल विनाश का भी प्रसंग आता है। कहा गया है, यादवों ने मूसल निकाली और आपस में लड़ मरे।शिव जयंती ही महाशिवरात्रि है। जो की कलयुगी आसुरी तत्वों का महाविनाश व महापरिवर्तन काल है, जिसके उपरांत सतयुगी दैवी संपदा का पुनः स्थापना, स्वर्णिम समय व शुभ सवेरा आता है। शिव पुराण में स्वयं स्वयंभू कहते हैं, योतिर्लिंगम स्वरूपम अहम। अर्थात, शिव परमात्मा का सत्य स्वरूप योति स्वरूप है। वे निराकार है। साकार शरीर धारी देवी-देवताओं को भी रचने वाले वे सर्वोच रचयिता है। भारत के प्रसिद्ध बारह योतिर्लिंग धाम योति स्वरूप निराकार शिव के भारत में दिव्य अवतरण के यादगार तीर्थस्थल हैं। शिवरात्रि के दिनों में सोमनाथ से लेकर वैद्यनाथ तथा केदारनाथ से लेकर रामेश्वरम तक सभी योति धामों में स्थापित शिव लिंग प्रतिमाओं की विशेष पूजा, अर्चना व जलाभिषेक होता है। देखा जाए तो शिव लिंग सूक्ष्म योर्तिलिंग की स्थूल प्रारूप हैं जिनके ऊपर गंगा जल, दूध, फल, फूल आदि चढ़ाए जाते हैं। योर्तिलिंग वास्तव में, दिव्य योति बिंदु निराकार परमात्मा शिव का सत्य स्वरूप है। महाशिवरात्रि असल में, योति स्वरूप परमात्मा शिव का सृष्टि पर दिव्य अवतरण की यादगार उत्सव है। अकसर पूजन-वंदन के समय शिव परमात्माएं नमः कहा जता है। जबकि ब्रह्मा, विष्णु व शंकर को देवताय नमः कहकर पुकारा जाता है। भारत में तैंतीस कोटि देवी-देवताओं का गायन है, जबकि एक ओंकार, निराकार शिव को ही परमात्मा माना जाता है। क्योंकि, शिव शब्द परमात्मा सूचक है। जैसे की शिव शब्द शि और व अक्षरों से बना है, जो की क्रमन्वे में पाप नाशक और मुक्तिदाता के द्योतक है। इसलिए शिव शब्द का अर्थ कल्याणकारी है। वही सदा मंगलकारी सदाशिव है। इसी गुण और कर्तव्य वाचक अर्थ में वे सभी देवों के देव परमात्मा शिव है। शिव परमात्मा है तो शंकर सूक्ष्म आकारी देवता है। वे त्रिदेवों में से एक है। शंकर शब्द का अर्थ भी विनाश का पर्यायवाची है। शस्त्रों के अनुसार, परमात्मा शिव देवात्मा ब्रह्मा के द्वारा नई सतयुगी संसार की स्थापना, देवात्मा विष्णु के द्वारा सतयुगी दुनिया की पालना तथा देवात्मा शंकर के द्वारा इस पतित पुरानी कलयुगी पाप वा अधर्मों का विनाश कराते हैं। साकार रूप में देवता अनेक हैं, पर परमात्मा एक निराकार है। इसलिए देवताओं को मनुष्यों के रूप में और परमात्मा को दिव्य योर्तिलिंग के रूप में गायन, पूजन करते हैं। जैसा कि दिखाते हैं, रामेश्वरम में देवता श्रीराम ने असुर रावण के ऊपर विजय पाने के लिए योर्तिलिंग रूपी परमात्मा शिव की पूजन किया। गोपेश्वर में देव आत्मा श्रीकृष्ण ने शिवलिंग रूपी योर्तिलिंग स्वरूप शिव की पूजा की तथा दानवी तत्वों का नाश किया। शिव परमात्मा ज्ञान का सागर है। वह जब सृष्टि पर अवतरित होकर उनके साकार माध्यम प्रजापिता ब्रह्मा के मुखारबिंदु से ज्ञान सुनाया, तब सतयुगी दैवी राय का स्थापन हुआ। इस धरा पर वह पुनः पुनः अवतरित होते हैं, जब- जब दुनिया पावन से पतित और तमोप्रधान बन जाती है। अभी वही अति धर्म ग्लानी की समय है। मनुष्य आत्माओं को पतित से पावन बनाने तथा मानव संस्कार व संसार को दैवी वा सतयुगी बनाने के लिए शिव परमात्मा का अवतरण समय चल रहा है। महाशिवरात्रि परमात्मा का इस दिव्य कर्तव्य का यादगार पर्व है। तो आएं, अपने को योति स्वरूप आत्मा निश्चय कर उस पार ब्रह्मेश्वर दिव्य योति परमात्मा शिव की अंतरमन में स्मरण करें। आत्म योत की शिव परमयोत के साथ योग से अपने पाप और विकर्मों को भस्म करें। मन ही मन अपनी अंदर की विकारों की विष को विषहरी नीलकंठ शिव परमात्मा को समर्पण करें।

# भाजपा की पहली सूची का क्या संदेश ?

**अजीत द्विवेदी**

लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पार्टियों ने उम्मीदवारों की घोषणा शुरू कर दी है। पहले इक्का दुक्का पार्टियां ऐसा करती थीं लेकिन अब यह परंपरा बन गई है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने 30 से ज्यादा उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। आम आदमी पार्टी ने भी दिल्ली में अपने कोटे की चार सीटों के साथ साथ हरियाणा और गुजरात की सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है।

इसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने एक साथ 195 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की। एक अनुमान के मुताबिक भाजपा देश की 543 में से साढ़े चार सौ से कुछ ज्यादा लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और बाकी सीटें उसकी सहयोगी पार्टियों के खाते में जाएंगी। इस लिहाज से कह सकते हैं कि भाजपा ने एक झटके में अपनी करीब 40 फीसदी सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिए।

भाजपा की पहली सूची कई मायनों में बहुत दिलचस्प है। जैसे भाजपा के सूत्रों के हवाले से ही दो महीने से खबर आ रही थी कि पार्टी पहले उन सीटों पर उम्मीदवार घोषित करेगी, जहां वह पिछली बार हारी थी या दो-तीन बार से नहीं जीत रही है या पिछली बार बहुत कम अंतर से जीती थी। इसे मध्य प्रदेश मॉडल कहा गया था। भाजपा ने पिछले साल के अंत में मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव में सबसे पहले कमजोर और हारी हुई सीटों पर अपने दिग्गज नेताओं को उम्मीदवार बना कर उतार दिया था।

कई केंद्रीय मंत्री और सांसद विधानसभा चुनाव लड़े थे। उसी तर्ज पर लोकसभा चुनाव की पहली सूची आने की चर्चा थी। लेकिन सूची आई तो वह इसके बिल्कुल उलट थी। पार्टी ने उन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की, जहां वह पारंपरिक रूप से बहुत मजबूत है और पिछली बार भारी अंतर से जीती थी। कुछ सीटें ऐसी भी हैं, जहां कांटे की टक्कर थी लेकिन ज्यादातर सीटें ऐसी हैं, जिन पर पार्टी आसानी से जीती थी। इस तरह भाजपा ने मुश्किल सीटों पर घोषणा नहीं की। साथ ही जहां अपनी सहयोगी पार्टियों के साथ सीट बंटवारे की बातचीत फाइनल नहीं हुई है वहां के उम्मीदवारों का ऐलान भी नहीं हुआ और जिन राज्यों या जिन सीटों पर विपक्षी गठबंधन के मजबूती से लडने् का अनुमान है उन सीटों पर भी घोषणा रोक दी गई। भाजपा की इस बदली हुई रणनीति का मकसद यह दिख रहा है कि वह विपक्षी गठबंधन की पार्टियों में सीट बंटवारा होने और उनके उम्मीदवार आने का इंतजार कर रही है। विपक्षी उम्मीदवारों को देखने के बाद उनके सामाजिक समीकरण और उम्मीदवारों के राजनीतिक कद के हिसाब से भाजपा अपने प्रत्याशी तय करेगी। तभी ऐसा लग रहा है कि नजदीकी मुकाबले की संभावना वाली सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा थोड़े समय और रूकी रह सकती है। इससे यह जाहिर होता है कि चुनाव जितना आसान बताया जा रहा है उतना आसान नहीं है और भाजपा को इसका अंदाजा है। इसलिए वह मुश्किल सीटों पर ज्यादा दिमाग खपा रही है। भाजपा की पहली सूची की एक खास बात यह है कि पार्टी ने दिल्ली और छत्तीसगढ़ में लगभग पूरा ही बदलाव कर दिया। दिल्ली की सात में से पांच सीटों पर भाजपा ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, जिसमें चार पर नए उम्मीदवार उतारे गए हैं। भाजपा ने नई दिल्ली सीट पर केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को उम्मीदवार बनाया है। पश्चिमी दिल्ली में दिवंगत साहेब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा को, दक्षिण दिल्ली में रमेश विधूड़ी की जगह रामवीर सिंह वधूड़ी को और चांदनी चौक मे डॉक्टर हर्षवर्धन की जगह प्रवीण खंडेलवाल को उम्मीदवार बनाया है।




• स्पष्ट आवाज में प्रकाशन हेतु आपके पत्र और विचार आमंत्रित हैं जो के आप इस पते पर भेज सकते हैं- सम्पादक, स्पष्ट आवाज, 47/1 क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग लखनऊ- 226001 ईमेल- spawaz2010@gmail.com इस पृष्ठ पर प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। •

# कुलदीप के पंजे और अश्विन के चौके ने इंग्लैंड को 218 रन पर समेटा



**धर्मशाला।** कुलदीप यादव के विकेटों के पंजे और आर अश्विन के चौके की बदौलत भारत ने पांचवें टेस्ट मैच के पहले दिन आज इंग्लैंड को 218 के स्कोर पर समेट दिया है। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में गुरुवार को इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है।

बेन डकेट और जैक क्रॉली की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 64 रनों की साझेदारी की। बेन डकेट 27 रन बनाकर आउट हुये। उन्हें कुलदीप ने गिल के हाथों कैच आउट कराया। उसके बाद कुलदीप ने ऑली पोप 11 रन पर आउट कर भारत को लंच से पहले दूसरी सफलता दिलाई। कुलदीप ने 38वें ओवर में जैक क्रॉली 79 रन पर बोल्ड कर इंग्लैंड के बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही उम्मीदों को झटका दिया। रवीन्द्र जडेजा ने जो रूट 26 रन पर पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। जॉनी बेयरस्टो 29 रन पर कुलदीप के शिकार बने इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स शून्य को कुलदीप ने पगबाधा आउट किया। टॉम हार्टली 6 रन और मार्क वुड शून्य को आर अश्विन ने आउट किया।


चायकाल तक 55 ओवर में इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 194 रन बना लिये थे। चायकाल के बाद अश्विन ने ब्रेन फोक्स 24 रन बोल्ड कर इंग्लैंड का नौवां विकेट गिराया और इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जेम्स एंडरसन को शून्य पर आउट कर दिया। एंडरसन ने अश्विन की गेंद को स्वीप करने प्रयास किया और मिडविकेट पर खड़े देवदत्त पडिक्कल को कैच थमा बैठे। शोएब बशीर 11 रन पर नाबाद है। इंग्लैंड की पूरी टीम 57.4 ओवर में 218 रन पर सिमट गई।

भारत की ओर से कुलदीप यादव को पांच विकेट मिले। आर अश्विन ने चार विकेट लिये। रवीन्द्र जडेजा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## मोदी संवैधानिक पंथनिरपेक्षता व समावेशी प्रगति के सर्वमान्य नायक : नकवी

**अमरोहा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने गुरुवार को कहा कि सियासी तुष्टीकरण के छल को समावेशी सशक्तिकरण के बल से परास्त कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'संवैधानिक पंथनिरपेक्षता और समावेशी प्रगति के सर्वमान्य नायक' बन गए हैं। श्री नकवी ने यहां कहा कि साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के रिवाज को समावेशी सशक्तिकरण के मिज़ाज से पछाड़कर मोदी जी भारत के विकास और विश्वास की प्रभावी व प्रामाणिक गारंटी बन गए हैं। श्री नकवी ने आज यहां 'विकसित भारत, मोदी की गारण्टी' संकल्प पत्र कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें इस हकीक़त को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए कि मोदी सरकार ने विकास में किसी के साथ कमी नहीं की तो उनको वोटों में कन्जूसी भी नहीं होनी चाहिए है।

# देश का रक्षा तंत्र पहले से कहीं अधिक मजबूत : राजनाथ



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार देश के रक्षा तंत्र को भारतीयता की भावना के साथ विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है जिससे यह पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है। श्री सिंह ने यहां एक निजी मीडिया समूह के कार्यक्रम में मौजूदा और पिछली सरकार की कार्य प्रणाली में अंतर का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार लोगों की क्षमताओं में दृढ़ता से विश्वास करती है, जबकि पहले सत्ता में रहने वाले लोग अपनी क्षमताओं को लेकर कुछ हद तक सशंकित थे।उन्होंने रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने को सबसे बड़ा बदलाव बताया और कहा कि इससे रक्षा क्षेत्र को एक नया आकार दिया जा रहा है । उन्होंने आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र किया जिनमें उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा औद्योगिक गलियारों की स्थापना , सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों की अधिसूचना, पूंजीगत खरीद बजट का 75 प्रतिशत घरेलू उद्योग के लिए आरक्षित करना, आयुध निर्माणी बोर्ड का निगमीकरण , रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स), आईडीईएक्स प्राइम, आईडीईएक्स (एडीआईटीआई) और प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) के साथ नवीन प्रौद्योगिकियों का विकास शामिल है।श्री सिंह ने इन निर्णयों के रक्षा क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वार्षिक रक्षा उत्पादन, जो 2014 में लगभग 40,000 करोड़ रुपये था, अब रिकॉर्ड 1.10 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। रक्षा निर्यात आज 16,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो नौ-दस साल पहले मात्र 1,000 करोड़ रुपये था। वर्ष 2028-29 तक 50,000 करोड़ रुपये का निर्यात हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है।उन्होंने कहा कि केंद्र में एक शक्तिशाली नेतृत्व के कारण हमारी सेनाओं में दृढ़ इच्छा शक्ति है। हम जवानों का मनोबल ऊंचा रखने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं. वे भारत पर बुरी नजर डालने वाले किसी भी व्यक्ति को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सुसज्जित, सक्षम और तैयार हैं। श्री सिंह ने कहा कि सरकार ने युवाओं पर भरोसा करते हुए नवाचार को बढ़ावा दिया और निजी क्षेत्र को आदर्श वातावरण प्रदान किया है।रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि जब प्रौद्योगिकी की बात आती है, तो विकासशील देशों के पास दो विकल्प होते हैं नवाचार और नकल - और सरकार देश को अनुयायी के बजाय प्रौद्योगिकी निर्माता बनाने पर विशेष जोर दे रही है।


समस्त क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं



जयप्रकाश यादव
समाजसेवी



पं. शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी
समाजसेवी

बरगदवा, खोराबार, गोरखपुर।


# भारतीय संस्कृति की विरासत संस्कृत भाषा में है संरक्षित : मुर्मु



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज कहा कि भारतीय संस्कृति की विरासत संस्कृत भाषा में संरक्षित है और इसमें उपलब्ध सांस्कृतिक जागरूकता का प्रसार करना राष्ट्र सेवा है। श्रीमती मुर्मु ने गुरूवार को यहां केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में भाग लिया और छात्रों को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव की भावना हमारी राष्ट्रीय चेतना का आधार है। अपने देश की समृद्ध संस्कृति का एहसास होने पर गर्व की भावना जागृत होती है। हमारी संस्कृति की विरासत संस्कृत भाषा में संरक्षित है।

अतः संस्कृत भाषा में उपलब्ध सांस्कृतिक जागरूकता का प्रसार करना राष्ट्र सेवा है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि संस्कृत भाषा ने विशाल देश की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोया है। संस्कृत की शब्दावली से कई भारतीय भाषाएँ मजबूत हुई हैं और वे भाषाएँ विभिन्न क्षेत्रों और राज्यों में फल-फूल रही हैं। यह न केवल ईश्वर की भाषा है बल्कि यह जन-जन की भी भाषा है। राष्ट्रपति ने कहा कि जिस भाषा में गार्गी, मैत्रेयी, अपाला और लोपामुद्रा जैसी महिला विद्वानों ने अमर योगदान दिया है, उस भाषा में महिलाओं की भागीदारी सबसे अधिक होनी चाहिए।

# संदेशखाली में मुख्यमंत्री के संरक्षण में महिलाओं का हो रहा शोषण



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नारी शक्ति को केन्द्र में रखकर देश के विकास की बात करते हैं तो दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में राज्य की महिला मुख्यमंत्री के संरक्षण में ही महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के संरक्षण में लोग महिलाओं की उम्र और धर्म के आधार पर पहचान कर उनका शोषण करते हैं।

न्यायपालिका का आभार व्यक्त करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि अब पीड़ित महिलाओं को न्याय मिलेगा। वे गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में विकसित भारत एम्बेसडर समारोह के बाद मीडिया से बातचीत कर रही थी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के दो सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलों पर केंद्रीय मंत्री और अमेठी से भाजपा सांसद स्मृति ईरानी ने कहा कि जो लोग कहते हैं कि अमेठी गांधी परिवार का गढ़ है, उन्हें उम्मीदवार घोषित करने में इतना समय क्यों लग रहा है? उनके आत्मविश्वास की कमी ही बताती है कि अमेठी अब कांग्रेस का गढ़ नहीं है। अगर वह दो सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं, तो इसका मतलब है कि वह चुनाव से पहले ही अमेठी से अपनी हार की घोषणा कर रहे हैं।

## दिल्ली सरकार ने बिजली पर सब्सिडी को 31 मार्च 2025 तक बढ़ाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने दिल्लीवालों को बिजली पर मिलने वाली सब्सिडी को 31 मार्च 2025 बढ़ाने का निर्णय लिया है जिसके तहत 24 घंटे मुफ्त बिजली मिलने का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक्स कर कैबिनेट के फैसले की गुरुवार को जानकारी देते हुए कहा कि दिल्ली के लोगों को मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आपकी 24 घंटे बिजली (जीरो पॉवर कट) और फ्री बिजली 31 मार्च 2025 तक के लिए बढ़ा दी गई है। इसमें वकील भाइयों के चैम्बर की भी फ्री बिजली शामिल है।

# ईडी की शिकायत के बाद कोर्ट ने केजरीवाल को भेजा समन

**नई दिल्ली।** राजधानी के राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नया समन जारी कर 16 मार्च को पेश होने को कहा।यह आदेश प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले के संबंध में जारी किए गए कई समन को नजरअंदाज करने के लिए आप नेता केजरीवाल के खिलाफ नयी शिकायत दर्ज करने के बाद आया है।इस बीच श्री केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर ईडी का इस्तेमाल कर विपक्षी नेताओं को परेशान कर उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया।श्री केजरीवाल ने एक्स पर सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह ईडी और मोदी सरकार के बारे में सच्चाई है। कैसे लोग ईडी से परेशान होकर भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर हो रहे हैं। ईडी की छापेमारी के बाद पूछा जाता है- कहां जाएंगे- भाजपा या जेल? जो लोग भाजपा में शामिल होने से इनकार करते हैं उन्हें जेल भेज दिया जाता है। श्री केजरीवाल ने आरोप लगाया,अगर आप नेता सत्येन्द्र जैन, मनीष सिसौदिया और संजय सिंह गुरुवार को भाजपा में शामिल होते हैं, तो उन्हें कल ही जमानत मिल जाएगी। ऐसा नहीं है कि इन तीनों ने कोई अपराध किया हो। उन्होंने सीधे तौर पर भाजपा में शामिल होने से इनकार कर दिया। अगर मैं आज भाजपा में शामिल हो जाऊं तो मुझे ईडी से समन मिलना भी बंद हो जाएगा लेकिन भगवान के यहां देर है, अंधेर नहीं। प्रधानमंत्री जी, भगवान से डरिए। चीजें हमेशा एक जैसी नहीं रहतीं। समय बहुत शक्तिशाली है। गौरतलब है कि श्री केजरीवाल इससे पहले ईडी द्वारा जारी आठ समन में शामिल नहीं हुए थे।

# ट्रेन में तत्काल टिकट रद्द कराने की मिलेगी सुविधा


**लखनऊ।** तत्काल टिकट रद्द करवाने पर अब रेलयात्रियों को रिफंड की सुविधा मिल सकेगी। इसे लेकर रेलवे प्रशासन तैयारियां कर रहा है। एयरलाइंस की तर्ज पर मामूली चार्ज लेकर यह सुविधा यात्रियों को देने की तैयारी है। अब तक तत्काल टिकट पर रिफंड की कोई सुविधा नहीं दी जाती है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर टिकट बुक कराने पर ट्रेनों में वेटिंग की स्थिति में यात्री तत्काल कोटे का सहारा लेते हैं। तत्काल कोटे का टिकट एक दिन पहले बुक कराना पड़ता है। सुबह दस बजे तत्काल कोटे की बुकिंग सिर्फ दो घंटे होती है। इसमें स्लीपर व एसी कोच के लिए एक-एक घंटा रहता है। तत्काल कोटे में टिकट करवाने पर 400 रुपये तक चार्ज लिया जाता है। तत्काल टिकट बनने के बाद किसी भी स्थिति में यात्रा नहीं करने व टिकट रद्द कराने पर रिफंड नहीं मिलता। इससे यात्रियों का पूरा पैसा रेलवे की जेब में चला जाता है। सूत्रों के मुताबिक 150 रुपये के मामूली चार्ज पर यह सुविधा यात्रियों को दी जाएगी। इससे यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। सूत्रों ने बताया कि तत्काल टिकट पर रिफंड की सुविधा लेने के लिए यात्रियों को बुकिंग के दौरान विकल्प चुनना होगा।

# गोली से थर्राया लक्ष्मीपुर शिवाला, युवक को मारी गोली, मौत



**भिटौली /महराजगंज(स्पष्ट आवाज)।** भिटौली थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर शिवाला गांव में गुरुवार की शाम मामूली विवाद में युवक ने 16 वर्षीय किशोर को गोली मार दी। गोली मारने की घटना से गांव में हड़कम्प मच गया। गोली लगने से गंभीर रुप से घायल सतीष चौधरी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उसकी हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने घायल युवक को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जहां पर 9:40 बजे उसकी मौत हो गई। घर का इकलौता चिराग था सतीश जबकि कुछ वर्ष पहले एक भाई दिमागी बुखार से मर गया था डाक्टर भानु प्रताप सिंह ने बताया कि युवक को दो गोली लगी है। एक गोली कान के पास लगी है और एक गोली सीने में लगी है उसकी हालत नाजुक है। युवक को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि आरोपी युवक पुलिस की गिरफ्त में है। मामले की छानबीन की जा रही है। युवक ने गोली किस कारण से मारी और असलहा कहाँ से मिला इन बिंदुओं पर पुलिस पूछताछ कर रही है।


# आकांक्षी जनपदों की महत्वाकांक्षी उड़ान



वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए भारत के विज़न के अनुरूप देश के 112 जनपदों में ह्यूमन डेवलपमेंट इंडेक्स में सुधार करने का लक्ष्य रखा। इन आकांक्षी जनपदों में 8 जनपद उत्तर प्रदेश के शामिल हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने इन सभी जनपदों में एक सुनियोजित एवं विस्तृत कार्ययोजना के तहत कार्य करते हुए विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। इसके अलावा 100 विकास खंडों में मूलभूत विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक संरचना के क्षेत्र में सुधार करते हुए नए रोजगार के अवसरों के सृजन हेतु कार्य करने वाला यूपी, देश का पहला राज्य है। अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति, सुदूर एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण और कनेक्टिविटी से लैस ये जनपद प्रदेश की विकास यात्रा में कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं।



"नीति आयोग के सहयोग व सामंजस्य से उत्तर प्रदेश के आठ आकांक्षात्मक जनपदों की कार्ययोजना बनाकर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। विकास की दौड़ में इन आकांक्षात्मक जनपदों और 100 विकास खंडों के समग्र विकास का प्रयास अपेक्षित परिणाम देने वाला सिद्ध हो रहा है"

- योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



"आकांक्षी जनपदों को इंस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट के रूप में विकसित करना होगा। भारत के 'आकांक्षी जनपद कार्यक्रम' का मकसद हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों का समावेशी और समग्र विकास सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम के तहत कई जनपदों में आमूल-चूल परिवर्तन हुए हैं"

- नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

**जीबीसी-4.0**

| लक्ष्य (करोड़ रु. में) | उपलब्धि (करोड़ रु. में) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1,53,400 | 1,57,651 | 102 |

**लक्ष्य से अधिक हुआ निवेश**

| जनपद | लक्ष्य (करोड़ रु. में) | उपलब्धि (करोड़ रु. में) | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| सोनभद्र | 1,00,000 | 1,21,221 | 121 |
| चन्दौली | 20,000 | 23,458 | 117 |
| फतेहपुर | 1,600 | 1,687 | 105 |
| बहराइच | 2,500 | 2,549 | 102 |

**प्रमुख निवेशक कंपनियां**

टॉरेंट पॉवर (सोनभद्र) 22800 करोड़ रुपये

ग्रीनको ग्रुप (सोनभद्र) 17182 करोड़ रुपये

जेएसडब्ल्यू पीएसपी सिक्स लिमिटेड (सोनभद्र) 8000 करोड़ रुपये

इंडिया ग्लाईकॉल (सोनभद्र) 4000 करोड़ रुपये

वरुण बेवरेजेस लिमिटेड (चित्रकूट) 496 करोड़ रुपये

टस्को लिमिटेड (चित्रकूट) 47 करोड़ रुपए

एसीएमई क्लीनटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (चंदौली) 9450 करोड़ रुपये

**बलरामपुर**

| | परियोजनाएं | एमओयू / निवेश करोड़ रु. में |
|---|---|---|
| यूपीजीआईएस-2023 (एमओयू) | 194 | 1402 |
| जीबीसी-4.0 (निवेश) | 58 | 438 |

सरकार की मदद से गांव में 60 बीघे में ईंट भट्ठा लगाया है। परियोजना पर 31 करोड़ रुपये निवेश किया है जिससे तुलसीपुर के विकास को नया आयाम मिलेगा।साथ ही 250 लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा। -बृजेश सिंह, बलरामपुर

**श्रावस्ती**

| | परियोजनाएं | एमओयू / निवेश करोड़ रु. में |
|---|---|---|
| यूपीजीआईएस-2023 (एमओयू) | 439 | 2422 |
| जीबीसी-4.0 (निवेश) | 43 | 866 |

हमारी कम्पनी ने ई रिक्शा और कृषि यंत्र निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये का निवेश किया है। जिला प्रशासन और सरकार से काफी सहयोग मिला है। दोनों परियोजनाओं में 200 लोगों को रोजगार मिला है। -शैलेन्द्र तिवारी, श्रावस्ती

**सिद्धार्थनगर**

| | परियोजनाएं | एमओयू / निवेश करोड़ रु. में |
|---|---|---|
| यूपीजीआईएस-2023 (एमओयू) | 299 | 9869 |
| जीबीसी-4.0 (निवेश) | 110 | 441 |

जीबीसी 4.0 सरकार की सराहनीय पहल है। इससे जुड़कर हम सिद्धार्थनगर जनपद में राइस मिल लगा रहे हैं। यहाँ धान कुटाई से लेकर चावल पैकिंग तक का काम होगा। इससे प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से 80 लोगों को रोजगार भी मिलेगा। -रोहित जायसवाल, सिद्धार्थनगर

**सोनभद्र**

| | परियोजनाएं | एमओयू / निवेश करोड़ रु. में |
|---|---|---|
| यूपीजीआईएस-2023 (एमओयू) | 101 | 182338 |
| जीबीसी-4.0 (निवेश) | 62 | 121277 |

उत्तर प्रदेश में निवेश का अच्छा माहौल बना है। हमारी कम्पनी पनबिजली परियोजना के लिए 550 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। यहां पावर प्लांट स्थापित कर बिजली उत्पादन किया जाएगा, इस प्रोजेक्ट से जनपद के 600 लोगों को रोजगार मिलेगा। -देवेश राय, सोनभद्र

**चन्दौली**

| | परियोजनाएं | एमओयू / निवेश करोड़ रु. में |
|---|---|---|
| यूपीजीआईएस-2023 (एमओयू) | 275 | 33481 |
| जीबीसी-4.0 (निवेश) | 85 | 23662 |

चंदौली के औद्योगिक क्षेत्र फेज दो में 10 करोड़ रुपये के निवेश से शिवगंगा इंडस्ट्रीज की स्थापना की गई है। इसमें उच्च गुणवत्ता के फ्लेक्सी पैकेजिंग प्रिंटिंग आदि का कार्य होगा। इससे क्षेत्र के कई लोगों को रोजगार मुहैय्या होगा। - राकेश जायसवाल, चंदौली

**फतेहपुर**

| | परियोजनाएं | एमओयू / निवेश करोड़ रु. में |
|---|---|---|
| यूपीजीआईएस-2023 (एमओयू) | 147 | 2999 |
| जीबीसी-4.0 (निवेश) | 82 | 1798 |

जनपद में 80 फीसदी लोग कृषि पर आधारित हैं। फूड प्रोसेसिंग से संबंधित उद्यम के लिए जिला मुफीद है। इसका सीधा लाभ किसानों को भी मिलेगा। अफसरों ने जल्द सारी प्रक्रिया पूरी कराने की बात कही है।- -मनोज गांधी, फतेहपुर

**चित्रकूट**

| | परियोजनाएं | एमओयू / निवेश करोड़ रु. में |
|---|---|---|
| यूपीजीआईएस-2023 (एमओयू) | 280 | 67422 |
| जीबीसी-4.0 (निवेश) | 88 | 7147 |

फ्रूड प्रोसेसिंग यूनिट में 500 करोड़ रुपये का निवेश कर रहा हूं। मसाले, ड्राई फूट, मिलेट्स मोटा अनाज आदि का कारोबार रहेगा। वैधानिक प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सरकार चित्रकूट का बड़े स्तर पर खास ध्यान दे रही है। इससे इकोनॉमी को बढ़ावा मिलेगा। -फूलचंद्र कुशवाहा, चित्रकूट

**बहराइच**

| | परियोजनाएं | एमओयू / निवेश करोड़ रु. में |
|---|---|---|
| यूपीजीआईएस-2023 (एमओयू) | 254 | 5171 |
| जीबीसी-4.0 (निवेश) | 159 | 2749 |

हाउसिंग सोसायटी डेवलप करने के लिए 150 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। बहराइच लखनऊ हाईवे के टिकोरा मोड़ के पास हाउसिंग निर्माण का कार्य चल रहा है। इसमें प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से लगभग 300 लोगों को रोजगार भी मिला है। -राकेश कुमार अग्रवाल, बहराइच